

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। मंगलवार 30 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 281 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3



## आमंत्रण

।। जय माता दी ।।

**01 अक्टूबर, 2025**

।। जय माता दी ।।

दैनिक **करंट क्राइम** द्वारा आयोजित

## शारदीय नवरात्र के अवसर पर

# विशाल भंडारा



**निवेदक**

समस्त करंट क्राइम परिवार

**स्थान**

के 4, ए ब्लॉक, गोविंदपुरम, कमर्शियल एरिया, निकट एलजी शोरूम, गाजियाबाद

## आप सादर आमंत्रित हैं !

**समय : अपराह्न 12:30 बजे से प्रभु इच्छा तक**

**संपर्क सूत्र:- 9810910900 / 9899655497 / 9958431088 / 9958862507**



# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। मंगलवार 30 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 281 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली बीजेपी के नए दफ्तर का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित दिल्ली प्रदेश भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय के उद्घाटन समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली सरकार के अन्य मंत्री, दिल्ली के सभी भाजपा सांसद मंच पर पहुंचे।

इस दौरान वहां उपस्थित दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जनसंघ के समय से ही नेता और कार्यकर्ता दिल्ली की जनता की आवाज रहे हैं।

भाजपा अपने नेताओं और कार्यकताओं की कड़ी मेहनत से आज इस मुकाम पर पहुँची है। कार्यकर्ता वर्षों से अपने स्थायी पते का इंतजार कर रहे थे, जो आज पूरा हुआ।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार हिंडन एयरबेस के आसमान में उड़ेंगे युद्धक विमान

### तीन साल बाद हो रहा है हिंडन में एयर शो का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर भारतीय वायुसेना अपना स्थापना दिवस 8 अक्टूबर को इस बार विशेष अंदाज में मनाने जा रही है। तीन साल बाद होने वाले इस आयोजन को लेकर गाजियाबाद में तैयारियां शुरू हो गई हैं। पिछली बार यहां 2021 में वायुसेना दिवस मनाया गया था। इस अवसर पर एयर शो की जगह भव्य एयर डिस्प्ले आयोजित होगा। इसमें वे नए फाइटर प्लेन शामिल हो सकते हैं जो हाल ही में भारतीय वायुसेना में शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल हुआ एयर डिफेंस सिस्टम भी प्रदर्शनी का हिस्सा बनने की संभावना है।





#### नगर निगम को भेजा गया है पत्र

करंट क्राइम : आयोजन को लेकर हिंडन एयरफोर्स की ओर से नगर निगम गाजियाबाद को पत्र भेजा है, जिसमें सड़कों की मरम्मत, सौंदर्यीकरण और अन्य व्यवस्थाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि इस पर तेजी से काम शुरू किया जाएगा।

#### तीनों सेनाओं के प्रमुख रहेंगे मौजूद!

करंट क्राइम : हालांकि वायुसेना ने अभी तक एयर डिस्प्ले और प्रदर्शनी के बारे में आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन माना जा रहा है कि इस कार्यक्रम में रक्षामंत्री और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद रहेंगे।

#### ऑपरेशन सिंदूर का दिया जाएगा संदेश

करंट क्राइम : यह कार्यक्रम खास इसलिए भी होगा क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय वायुसेना का यह पहला बड़ा आयोजन होगा।



#### इन विमानों की दिखेगी झलक



- **नए फाइटर जेट्स :** तेजस, राफेल और सु-क जैसे विमान आसमान में अपनी ताकत दिखाएंगे।
- ऑपरेशन सिंदूर सिस्टम : एयर डिफेंस और मॉडर्न रडार डिस्प्ले में शामिल होने की संभावना।
- **एरोबेटिक टीमें** – सूर्य किरण और सारंग (ध्रुव हेलीकॉप्टर) टीम का रोमांचक प्रदर्शन।
- **हैवी लिफ्ट एयरक्राफ्ट** – सी-17 ग्लोबमास्टर और सी-130जे सुपर हरक्यूलिस जैसे विमान भी शोभा बढ़ाएंगे।

सम्मानित मेहमान में रक्षामंत्री के साथ तीनों सेनाओं के प्रमुख कार्यक्रम में मौजूद रह सकते हैं।

## त्यौहारों पर जनता को बड़ी राहत : महापौर ने गृहकर में 20% छूट को 31 अक्टूबर तक बढ़ाया






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की जनता को महापौर की ओर से त्यौहारों का तोहफा मिला है। नगर निगम की ओर से संपत्ति कर (गृहकर) में दी जा रही 20% छूट की अवधि अब बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2025 तक कर दी गई है। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, संपत्ति कर नगर निगम की आय का प्रमुख साधन है, जिससे शहर में विकास कार्य, सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, सीवर-ड्रेनेज और अन्य नागरिक सुविधाएं संचालित होती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए करदाताओं को समय पर कर जमा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यह छूट दी गई है।

#### सदन में हुआ था फैसला

करंट क्राइम : 31 जुलाई को आयोजित नगर निगम सदन की बैठक में गृहकर पर 20% छूट देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ था। पहले यह व्यवस्था 30 सितंबर तक ही थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ाकर त्योहारों के बाद यानी 31 अक्टूबर तक लागू कर दिया गया है। महापौर का कहा कि शहर की जनता को किसी तरह की आर्थिक परेशानी न हो, इसलिए त्योहारों के बाद तक यह छूट बढ़ाई गई है। नागरिकों से अपील है कि वे समय पर कर जमा कर नगर निगम के विकास कार्यों में सहयोग दें।

#### जनता के लिए सुनहरा अवसर

करंट क्राइम : अब संपत्ति करदाता त्योहारों की व्यस्तताओं के बाद भी रियायती दर पर कर का भुगतान कर सकेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम न सिर्फ करदाताओं के लिए राहतकारी है, बल्कि निगम की आय बढ़ाने और शहर में चल रहे विकास कार्यों को गति देने में भी मददगार साबित होगा।

## दशहरे पर कविनगर और घंटाघर रामलीला मैदान के लिए ट्रैफिक डायवर्जन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद में दशहरे के मौके पर जगह-जगह रामलीला का भव्य मंचन शुरू हो गया है। लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस ने कविनगर रामलीला मैदान और जीटी रोड स्थित घंटाघर रामलीला मैदान की ओर जाने वाले मार्गों पर विशेष ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था लागू की है।

#### पुलिस का ट्रैफिक प्लान

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सचिदानंद ने बताया कि दोनों रामलीला स्थलों पर हल्के और भारी वाहनों के लिए अलग-अलग डायवर्जन बनाए गए हैं। जीटी रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही रात को दो बजे के बाद ही होगी। ट्रैफिक पुलिस की विशेष ड्यूटी लगाई गई है।

#### सुरक्षा और निगरानी

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल ने कहा कि दोनों स्थलों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। ड्रोन के जरिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी और डीवीएफ की तैनाती रहेगी।संदिग्धों पर नजर रखने के लिए पुलिस सादी वर्दी में भी मौजूद रहेगी। डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने भी पुष्टि की कि सुरक्षा की मॉनिटरिंग ड्रोन से की जा रही है।






#### कविनगर रामलीला मैदान

करंट क्राइम। सी ब्लॉक कविनगर से आने वाले वाहनों को केडीबी स्कूल से आगे नहीं जाने दिया जाएगा। शास्त्रीनगर चौराहे से रहीम मार्ग होते हुए आने वाले लोग बालाजी कार सिटी तिराहा से लेफ्ट लेकर शनि मंदिर तिराहा जाएंगे। यहां से पार्किंग की व्यवस्था जैनमति उजागर मल इंटर कॉलेज और डीएस क्रिकेट अकादमी से पहले रहेगी। प्रवेश गेट नंबर 2 से होगा।

#### घंटाघर रामलीला मैदान

करंट क्राइम। भारी वाहनों की नो-एंट्री का समय रात 10 बजे से बढ़ाकर 02 बजे तक कर दिया गया है। रामलीला में आने वाले लोग अपने वाहन तय पार्किंग स्थलों पर खड़े कर पैदल मैदान तक जाएंगे।

**पार्किंग स्थल :** कमर्शियल कॉम्प्लेक्स नगर निगम, रमतेराम रोड कट जीटी रोड, शंभूदयाल इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज, नेहरू युवा केंद्र, अंबेडकर रोड

## गाज़ियाबाद में जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाज़ियाबाद में जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) का पद खाली है। इस पद पर नियुक्ति के लिए 9 अक्टूबर 2025 शाम 5 बजे तक अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक और योग्य अधिवक्ता अपने प्रपत्र निर्धारित प्रारूप में जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने बताया कि विधि परामर्शी निर्देशिका के प्रस्तर 7.03 के अनुसार अधिवक्ताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन पत्र कार्यालय कक्ष संख्या 240, राजस्व सहायक द्वितीय के पटल पर कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

अंतिम तिथि: 9.10.2025, सायं 5:00 बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**रिक्त पद:** 01 (एक), जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी)

बाकी विवरण (दस्तावेज, अर्हताएँ, सेवा शर्तें) वही रहेंगे जो मैंने पिछले संस्करण में बिंदुवार व्यवस्थित किए हैं।

### गाजियाबाद कोर्ट का सख़्त आदेश

## पाक्सो एक्ट में दोषी को 20 वर्ष की कठोर सजा और जुर्माना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गंदी मानसिकता से बच्चों के साथ घिनौनी हरकत करने वालों के लिए गाजियाबाद कोर्ट ने कड़ा संदेश दिया है। पॉक्सो एक्ट के तहत सुनाए गए एक बड़े फैसले में आरोपी भरतपाल को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50,000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड न चुकाने पर दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा धारा 354(क) भादवि के तहत भी उसे 3 वर्ष का कारावास और 10,000 रुपए जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना न देने पर 3 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद पर दर्ज मु.अ.सं. 1023/2015, वाद संख्या 260/2015 बनाम भरतपाल का है, जिसकी सुनवाई मा. विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-02 गाजियाबाद ने की। राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक संजीव बखरवा ने मजबूत पैरवी कर अभियुक्त को दोषसिद्ध कराया।




### सम्मान





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कवि नगर रामलीला में सीनियर आईएएस अधिकारी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष यादव, दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी तथा हरप्रीत सिंह जग्गी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के पदाधिकारी आनंद गर्ग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हिन्दी भवन में गूंजी नारी शक्ति की आवाज

## जिलाधिकारी और विधायकों की उपस्थिति में 500 महिलाओं/बालिकाओं को 'शक्ति सम्मान' से नवाजा गया









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में जनपद गाजियाबाद में सोमवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एक भव्य 'शक्ति सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिन्दी भवन, लोहिया नगर में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों/विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 500 महिलाओं और बालिकाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक मोदी नगर डॉ. मंजू शिवाच और मा. विधायक लोनी नन्द किशोर गुर्जर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके साथ जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ समेत कई जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, जिसके बाद विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के अंत में, पुलिस विभाग, आंगनवाड़ी, विधिक क्षेत्र, उद्यम क्षेत्र और समाज सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 500 महिलाओं/ बालिकाओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा शक्ति सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. पूनम शर्मा ने किया।

### विकसित भारत के लिए नारी शक्ति अपरिहार्य : डॉ. मंजू शिवाच

करंट क्राइम। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं को स्व–रोजगार के लिए बैंकों से लोन प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे प्रदेश की आर्थिक प्रगति में योगदान दे रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना महिलाओं को सशक्त किए बिना संभव नहीं है, इसलिए उनकी भागीदारी अति आवश्यक है। विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने राज्य की कानून व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान में महिलाएं किसी भी समय, कहीं भी सुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने पुलिस विभाग में महिला कर्मियों की तैनाती को इस सुरक्षा भावना का कारक बताया और मिशन शक्ति के माध्यम से सरकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने के लिए जिला प्रशासन के प्रयासों को सराहा।

### महिलाओं को स्वावलंबी बनाना प्राथमिकता : जिलाधिकारी



करंट क्राइम। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य समाज की महिलाओं को जागरूक करना है, जिसके तहत जनपद के अनेक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त, समृद्ध व स्वावलंबी बनाना हमारा प्रमुख प्रयास है।

# ऑपरेशन सिंदूर एक सेल्फी प्वाइंट ऐसा भी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संकल्प सिद्धि फाउंडेशन द्वारा आयोजित चतुर्थ दुर्गा पूजा उत्सव में ऑपरेशन सिंदूर सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव झा का कहना है कि दुर्गा पूजन के साथ साथ हम लोग कई प्रकार के सामाजिक संदेश भी इस आयोजन के माध्यम से देते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की थीम भी सामाजिक विषयों पर रखी गई है। संस्था की सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की सचिव व समाज सेवी निधि विश्वकर्मा ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर सेल्फी प्वाइंट देश ओर वीर जवानों को समर्पित है।

ऑपरेशन सिंदूर हमारे सैनिकों की वीरता का वो अध्याय है, जिसने दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत की सेना न केवल अपने देश की सीमाओं की रक्षा करती है, बल्कि हर कठिन परिस्थिति में राष्ट्र को सुरक्षित रखने का संकल्प भी निभाती है। इस सेल्फी प्वाइंट को बनाने में निधि विश्वकर्मा के साथ अदिति झा,अर्शिया झा,दीपक चौधरी,दृष्टि और सेवा भारती के बच्चों ने सहयोग किया।

# पुलिस कमिश्नरेट में पहले डीसीपी ट्रैफिक बने त्रिगुण बिसेन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट में पहली बार ट्रैफिक विभाग की कमान डीसीपी रैंक के अधिकारी को सौंपी गई है। इस नई जिम्मेदारी के लिए आईपीएस अधिकारी त्रिगुण बिसेन को चुना गया है। त्रिगुण बिसेन का लंबा अनुभव पुलिस सेवा में रहा है। मूलरूप से लखनऊ निवासी बिसेन की लंबी पुलिस सेवा है। इससे पहले त्रिगुण फिरोजाबाद में एसपी ग्रामीण के पद पर तैनात थे, जहां उनके कार्यों की व्यापक सराहना मिली है। अब गाजियाबाद में सीपी जे रविंदर गौडर ने उनको बतौर डीसीपी ट्रैफिक एक बड़ी जिम्मेदारी दी है।

पुलिस कमिश्नर के विजन के मुताबिक, ट्रैफिक व्यवस्था को तकनीक और सख्त निगरानी के जरिए अधिक व्यवस्थित किया जाएगा। शहर की बढ़ती आबादी, वाहन संख्या और त्योहारों के सीजन में ट्रैफिक दबाव को देखते हुए यह कदम बेहद अहम माना जा रहा है।

### कई बड़ी जिम्मेदारियों को संभालेंगे डीसीपी ट्रैफिक

करंट क्राइम : गाजियाबाद पुलिस के सूत्रों का कहना है कि डीसीपी ट्रैफिक की तैनाती से शहर में सड़क सुरक्षा, डायवर्जन की बेहतर योजना और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण जैसे मुद्दों पर अधिक फोकस किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, डिजिटल चालान, पार्किंग व्यवस्था और ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर सुधार जैसे कदम उठाए जाएंगे।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई

## राजधानी एक्सप्रेस से 85 किलो गांजा बरामद



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने राजधानी एक्सप्रेस से 85 किलो गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत 42.50 लाख रुपये बताई जा रही है। ट्रेन के कोच बी-9 और बी-10 से छह बैग में गांजा जब्त किया गया।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 85 किलो गांजा बरामद हुई है। आरपीएफ ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 85 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी अनुमानित कीमत 42.50 लाख रुपये है।

यह कार्रवाई ट्रेन नंबर 20505 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के टीटीई से मिली सूचना के आधार पर की गई। आरपीएफ की टीम ने 28 सितंबर 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 15 पर ट्रेन के कोच बी-9 और बी-10 में बर्थ के नीचे छोड़े गए।

दो ट्रॉली बैग और चार बैकपैक बरामद किए गए हैं। इन बैगों की जांच करने पर छह पैकेट में गांजा पाया गया, जिसमें प्रत्येक बैग में एक-एक पैकेट था। कुल 85 किलोग्राम गांजे को जब्त किया गया।

# 'मैदान कोई भी हो...जीतेगा भारत', सीएम योगी, अखिलेश और यूपी पुलिस ने अपने-अपने अंदाज में टीम को दी बधाई



**लखनऊ।** भारत ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मैदान में मात देकर 9वीं बार एशिया कप पर अपना कब्जा जमाया। टीम की इस उपलब्धि पर सीएम योगी आदित्यनाथ, सपा मुखिया अखिलेश यादव और यूपी पुलिस ने अपने-अपने अंदाज में भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी।

भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मैदान में धूल चटाकर एशिया कप अपने नाम किया। भारत की जीत पर देशभर में जश्न का माहौल है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी भारतीय टीम को बधाई दी है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, 'चाहे कोई भी मैदान हो, भारत हमेशा विजयी रहेगा... भारतीय क्रिकेट टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को हार्दिक बधाई'। अंत में उन्होंने जय हिंद लिखा।

वहीं सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'एकता ही जीत की नींव है। भारतीय क्रिकेट टीम के सभी एकजुट खिलाड़ियों, कोचों, सहयोगी स्टाफ और देशवासियों को एशिया कप जीतने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं'।

इसके अलावा यूपी पुलिस ने भी पाक को धूल चटाने पर टीम इंडिया की सराहना की। एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि, 'दशहरे की जीत से लेकर दिवाली की चमक तक, आतिशबाजी जल्दी शुरू हो जाती है, टीम इंडिया एशिया कप जीतती है, दिलों और स्कोरबोर्ड को समान रूप से रोशन करती है'।

बताते चलें कि भारत ने रविवार को खेले गए एशिया कप के फाइनल मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर रिकॉर्ड 9वीं बार एशिया कप अपने नाम किया। यह रोमांचक मैच दुबई में खेला गया। भारत की जीत के बाद देशभर में जश्न का माहौल है।

# दिल्ली बीजेपी को मिला नया दफ्तर

## उद्घाटन कार्यक्रम में बोले पीएम 'भाजपा हमेशा दिल्ली के हितों के लिए प्रतिबद्ध'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, दिल्ली और भाजपा का रिश्ता सिर्फ एक शहर और एक पार्टी का नहीं है, ये सेवा, संस्कार और सुख-दुख में साथ निभाने का है। पहले जनसंघ और फिर भाजपा के रूप में, हमारी पार्टी हमेशा दिल्ली के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा आज नवरात्र के इन पावन दिनों में दिल्ली भाजपा को अपना नया कार्यालय मिला है। दिल्ली भाजपा के सभी कार्यकताओं को बहुत-बहुत बधाई। भाजपा की स्थापना को 45 वर्ष हो गए हैं, लेकिन जिस बीज से भाजपा इतने विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित हुई है, उसका बीजारोपण अक्तूबर 1951 में हुआ था, जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में जनसंघ की स्थापना हुई थी। आज दिल्ली भाजपा के पास जो ताकत है, वह पिछले दशकों में हमारे लाखों कार्यकताओं के त्याग और कड़ी मेहनत का परिणाम है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि, दिल्ली और भाजपा का रिश्ता सिर्फ.एक शहर और एक पार्टी का नहीं है, ये सेवा, संस्कार और सुख-दुख में साथ निभाने का है। पहले जनसंघ और फिर भाजपा के रूप में, हमारी पार्टी हमेशा दिल्ली के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है। जनसंघ की स्थापना के बाद से, हमने हर तरह से दिल्ली के लोगों की सेवा की है। आपातकाल के दौरान, जनसंघ के नेताओं ने दिल्ली के लोगों के साथ मिलकर सरकारी दमन के खिलाफ लड़ाई लड़ी। यहां तक कि 1984 के सिख दंगों के दौरान, जिसने दिल्ली की आत्मा पर गहरा आघात पहुंचाया, दिल्ली भाजपा ने हमारे सिख भाइयों की रक्षा की। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा, आज हम सभी के लिए खुशी का अवसर है कि लंबे इंतजार के बाद, दिल्ली प्रदेश भाजपा को अपना कार्यालय मिल गया है और प्रधानमंत्री द्वारा इसका उद्घाटन किया गया है।

# कांग्रेस ने पीएम मोदी के ट्वीट पर कसा तंज

## कहा- क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक ट्वीट पर निशाना साधते हुए कहा कि क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना उचित नहीं है। पार्टी ने तंज कसते हुए इसे संघर्ष विराम से जोड़ा है।

कांग्रेस ने एशिया कप में भारत की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए ट्वीट पर तंज कसा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर कहा कि क क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। दरअसल पीएम मोदी ने एशिया कप जीतने पर टीम इंडिया को बधाई देते हुए लिखा था कि क्रिकेट के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर। परिणाम वही है। हमारे क्रिकेट खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई।

पीएम मोदी के ट्वीट पर तंज कसते हुए सोमवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री जी, पहली बात तो एक क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। दूसरी बात, अगर आपने तुलना कर ही दी तो आपको भारतीय टीम से यह सीखने की जरूरत है कि जब जीत के करीब हों, तो किसी थर्ड अंपायर के कहने पर अच्छे कप्तान सीजफायर नहीं करते। कांग्रेस के इस बयान पर भाजपा ने पटलवार किया है।

**भाजपा ने किया पलटवार :** वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, भारत ने पाकिस्तान को तीन बार हराकर हैट्रिक बनाई और सभी मैच जीते। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने अब तक हमारी विजेता टीम को एक भी बधाई संदेश नहीं दिया है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अपनी हीन भावना की छाया हमारी क्रिकेट टीम पर न पड़ने दें। कांग्रेस अपने सभी प्रचार में पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए तैयार है, चाहे वह अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति हो, तथाकथित राष्ट्र-विरोधी प्रचार हो, या खेल हो। जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सशस्त्र बलों का आत्मविश्वास कम करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी, वे हमारे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। गठबंधन का नाम इंडिया रख लेने से दिल में इंडिया नहीं रहता।

**सूर्यकुमार ने पीएम मोदी की तारीफ की :** इसी बीच एशिया कप विजेता भारतीय कप्तान सूर्य कुमार यादव ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि अच्छा लगता है जब देश का नेता खुद फ्रंट फुट पर खेलता है। सूर्यकुमार यादव ने कहा, 'अच्छा लगता है जब देश के नेता खुद बैटिंग करते हैं फ्रंट फुट पर। ऐसा लग रहा था कि उन्होंने स्ट्राइक ली और रन बनाए। बहुत अच्छा लगा देखकर। जब सर ही आगे खड़े हैं सभी के तो खिलाड़ी तो खुलकर ही खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'सबसे जरूरी चीज यही है कि पूरा देश जश्न मना रहा है। जब हम भारत वापस जाएंगे, तो अच्छा लगेगा और आगे अच्छा प्रदर्शन करने का प्रोत्साहन मिलेगा।'

# हिस्ट्रीशीटर के बर्थडे पर बार बालाओं संग जश्न, चौकी इंचार्ज व सिपाही सस्पेंड






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रांस हिंडन जोन की साहिबाबाद थानाक्षेत्र की सीमा चौकी का एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। वीडियो में चौकी प्रभारी आशीष जादौन और तीन सिपाही हिस्ट्रीशीटर बदमाश इरशाद मलिक के जन्मदिन की पार्टी में हाथ में शराब की बोतल लिए बार बालाओं संग नाचते दिखाई दे रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी ने एसीपी की रिपोर्ट पर चौकी इंचार्ज आशीष जादौन सहित तीनों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया गया है। वीडियो में शराब की बोतल पकड़े हुए जो शख्स नजर आ रहा है, उसकी पहचान सिपाही योगेश के रूप में हुई है। बताया गया कि इरशाद मलिक पर गोकशी और आर्म्स एक्ट के तीन मुकदमे दर्ज हैं। इतना ही नहीं, वह थाना साहिबाबाद का हिस्ट्रीशीटर है और अक्सर चौकी प्रभारी की स्कॉर्पियो गाड़ी भी चलाता था।

यह पूरा मामला कमिश्नरेट पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। इसको लेकर डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने जांच कर विधिक कार्रवाई का निर्देश भी दिया है।

# बरेली बवाल में बड़ी कार्रवाई: मौलाना तौकीर के करीबी डॉ. नफीस की मार्केट सील, पुलिस के हाथ काटने की दी थी धमकी





**बरेली।** बरेली बवाल के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ जिला और पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को नगर निगम की टीम ने मौलाना तौकीर रजा के करीबी डॉ. नफीस की मार्केट को सील कर दिया है। इस मार्केट में तौकीर रजा की पार्टी आईएमसी का दफ्तर भी है।

बरेली में बवाल कराने के आरोपी आरोपी मौलाना तौकीर रजा खान फिलहाल जेल में हैं। वहीं उनके करीबी आईएमसी के पूर्व प्रवक्ता डॉ. नफीस और पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम खां पर भी जिला और पुलिस प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है।

नगर निगम ने सोमवार को नावल्टी चौराहे स्थित डॉ. नफीस की मार्केट को सील कर दिया है। नफीस ने बवाल से पहले पुलिस के हाथ काटने और वर्दी उतरवाने की धमकी दी थी। शहर के नावल्टी चौराहे पर पहलवान साहब के मजार के पास स्थित नफीस की मार्कट पहले से ही विवादित है। मार्केट नाले पर बनी होने का मामला कोर्ट में चल रहा है, जिस पर स्टे है।

वक्फ की संपत्ति की खरीद फरोख्त के भी मामले डॉ. नफीस पर वक्फ की संपत्ति के साथ उसकी खरीद फरोख्त के भी आरोप लग चुके हैं। नौमहला मस्जिद के पास वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर बनाई गई दुकानों को भी बेचने के मामले ने तूल पकड़ा था। हालांकि दबाव में आकर मामले को रफा दफा कर दिया गया।

इस पूरे प्रकरण डॉ. नफीस पर उसके बिगड़ैल बोल अब भारी पड़ते जा रहे हैं।

### 36 दुकानों के साथ आईएमसी का दफ्तर भी सील

नावल्टी स्थित मार्केट में 36 दुकानों के साथ मौलाना तौकीर रजा की पार्टी आईएमसी (इत्तेहाद–ए–मिल्लत कौंसिल) का दफ्तर भी है, जो दूसरे फ्लोर पर है। दुकानों के साथ आईएमसी का दफ्तर भी सील किया है। डॉ. नफीस मौलाना तौकीर का दाहिना हाथ बताया जाता है। वह खुद को वक्फ की बोर्ड संपत्ति का मुतवल्ली (संपत्ति की देखरेख करने वाले) बताकर किराये की वसूली करता है।

### हाथ पैर काटने की धमकी दी थी धमकी

डॉ. नफीस ने आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर उतारने पर किला इंस्पेक्टर को हाथ पैर काटने और वर्दी उतारने की धमकी दी थी। उसका वीडियो भी वायरल हुआ था। वीडियो में वह कहा रहा है कि मैंने किला इंस्पेक्टर से साफ कह दिया कि बैनर पर हाथ लगाया तो हाथ काट लूंगा। वर्दियां नहीं बचेगी। इस वीडियो के वायरल होने पर किला थाने में नफीस के खिलाफ रिपोर्ट लिखी है।

# पेपर लीक मामला, सीएम धामी ने की सीबीआई जांच की संस्तुति, छात्रों पर दर्ज मुकदमे होंगे वापस



**देहरादून।** यूकेएसएसएससी की 21 सितंबर को स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा के दौरान हरिद्वार के एक केंद्र में प्रश्न पत्र के तीन पन्ने बाहर आने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इसके बाद से युवा पेपर लीक का अरोप लगाकर धरना दे रहे थे। युवा उसी दिन से सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे।

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले में युवाओं का धरना जारी है। वहीं, आज सीएम पुष्कर सिंह धामी आज युवाओं के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सीबीआई जांच की संस्तुति की। बता दें कि इससे पहले जिलाधिकारी सविन बंसल और एसएसपी अजय सिंह ने युवाओं से बात की थी। इसके बाद आला अधिकारी भी युवाओं से बात करने पहुंचे थे। लेकिन युवा सीबीआई जांच की मांग पर अड़े थे। आठवें दिन आखिरकार सीएम धामी मौके पर पहुंचे और परीक्षा मामले में चल रही हर कार्रवाई के बारे में युवाओं को बताया है। वहीं, सीएम ने युवाओं की मांग पर हामी भरी। मुख्यमंत्री ने धरना दे रहे युवाओं को सीबीआई जांच के लिए लिखकर संस्तुति दी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि परीक्षा देने वाले छात्रों पर जो भी मुकदमे हैं वो वापस लिए जाएंगे। इसके लिए उन्हें नाम की लिस्ट दे दी जाए।

### कैसे बाहर आया था प्रश्नपत्र

इस मामले में मुख्य आरोपी खालिद ने गिरफ्तारी के बाद हरिद्वार सीआईयू कार्यालय में चली पूछताछ में पूरा घटनाक्रम पुलिस को बताया। खालिद ने बताया कि उसने मेहनत की जगह शॉर्टकर्ट अपनाया और अपने जाल में न खुद फंसा बल्कि बहन को भी सलाखों के पीछे पहुंचवा दिया। पता चला कि परीक्षा वाले दिन खालिद मुख्य गेट पर चेकिंग से बचने के लिए पीछे खेतों की तरफ बने छोटे दरवाजे से जुराब में आईफोन 12 मिनी मोबाइल लेकर अंदर पहुंचा।

### सिस्टेंट प्रोफेसर सुमन और सेक्टर मजिस्ट्रेट समेत चार हो चुके निलंबित

इस मामले में सरकार पहले ही सेक्टर मजिस्ट्रेट केएन तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन समेत दरोगा व सिपाही को निलंबित कर चुकी है। निलंबित अधिकारी–कर्मचारियों पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन की पेपर सॉल्वर के रूप में भूमिका पाई गई थी।

### जांच के लिए एकल सदस्यीय आयोग का गठन भी हुआ

परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच के लिए प्रदेश सरकार ने एकल सदस्यीय आयोग का गठन किया है। नैनीताल हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी आयोग के अध्यक्ष होंगे। आयोग एसआईटी की जांच आख्या का संज्ञान लेकर मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## ऐसे कैसे समाजवादी पार्टी बजाएगी यहां जीत की ताली

## वायरल ऑडियो में दे रहे हैं समाजवादी ही एक-दूसरे को बीप वाली गाली




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक तरफ तो समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव लखनऊ में गाजियाबाद वाले सपाईयों की बैठक ले रहे हैं। वो उन्हें बता रहे हैं कि हमें किन सीटों पर फोकस करना है, हमें बूथ पर काम करना है और जिन लोगों को चुनाव लड़ना है उनसे भी उनकी राय पूछी। सार ये है कि समाजवादी पार्टी के मुखिया चुनावी प्लान लेकर आ रहे हैं। मगर, उन्हें खबर नहीं है कि चुनावी प्लान वो बता रहे हैं और सपा में इंटरनल घमासान मच रहा है। चुनावी साल शुरू हो रहा है। समाजवादी पार्टी 50 टीमों के साथ सर्वे करा रही है। वो जीत-हार का गुणा-भाग लगा रही है, लेकिन समाजवादियों के दम पर साइकिल चुनावी रेस में आएगी, उस समाजवादी दल में एक-दूसरे को गाली दी जा रही है। एक-दूसरे पर आरोप लग रहे हैं, एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर घेरा जा रहा है। अब सार ये है कि अगर, समाजवादियों की स्थिति यही रही तो जीत की मुनादी कैसे होगी।

सोमवार को समाजवादियों का एक ऑडियो वायरल हुआ। इसमें समाजवादी पार्टी के दो पदाधिकारी आपस में लड़ रहे हैं और ऑडियो की भाषा बेहद अमर्यादित है। बीप वाली गाली है और एक-दूसरे के प्रति बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल हो रहा है। अब इन बातों से ये सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर समाजवादी एकजुट क्यों नहीं होते हैं।

### युवजन सभा के अध्यक्ष ने लगाए जिलाध्यक्ष पर आरोप



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष ने एक पत्र सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लिखा और उन्होंने समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन पर आरोप लगाया। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने भाजपा प्रत्याशी की मीटिंग कराने वाले को यूथ विंग में जिलाध्यक्ष बनवाने की सिफारिश की है। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा ने पत्र में ये भी आरोप लगाया कि सपा के वरिष्ठ नेताओं को अपमानित किया जा रहा है। उनकी अनदेखी की जाती है और उन्हें कार्यक्रमों की सूचना नहीं दी जाती। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखे पत्र में ये भी आरोप लगाया कि नगर निगम के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की सभा कराने वाले व्यक्ति को एक यूथ विंग का जिलाध्यक्ष बना दिया गया है। इस पत्र में कई अन्य आरोप हैं और युवजन सभा के जिलाध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष की जांच कराने की मांग की।

### अंदरखाने उबल रही आग, इस्तीफों का आ सकता है प्रस्ताव

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सपा हाईकमान अपना चुनावी प्लान बना रहा है और गाजियाबाद में समाजवादियों का घमासान अपने उफान पर आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि अंदरखाने सपा में विरोध की आग उबल रही है और आलम ये है कि एक साथ कई इस्तीफों की पेशकश वाला प्रस्ताव आ सकता है। समाजवादी घमासान में एक-दूसरे पर आरोप लगेंगे। सूत्र बताते हैं कि समाजवादियों के एक गुट का ये कहना है कि मासिक मीटिंग से अलग जो भी कार्यक्रम हो रहे हैं उसकी सूचना नहीं दी जा रही है और इस बात को लेकर अंदरखाने कई गुट एकजुट हो रहे हैं।

## वरिष्ठ अधिवक्ता फतेहचंद गोयल के निधन पर पंकज सिंह ने व्यक्त की संवेदनाएं





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय फतेहचंद गोयल के निधन के उपरांत उनके आवास पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह पहुंचे। उन्होंने स्व. गोयल के सुपुत्र एवं भाजपा नेता पवन गोयल का ढांढस बंधाया। उन्होंने शोक संतृप्त परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं और प्रभु से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पंकज सिंह ने कहा कि फतेहचंद गोयल का निधन न केवल परिवार के लिए बल्कि समाज और अधिवक्ता समुदाय के लिए भी अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान और व्यक्तित्व को हमेशा याद किया जाएगा।

## महिला बिग्रेड ने फिर किया बदमाशों को लंगड़ा

### फ्रॉड गैंग का पर्दाफाश, एक बदमाश घायल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार महिला पुलिस एसीपी अधिकारी, थाना प्रभारी लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए मिशन शक्ति 5.0 को सफल बनाने का संदेश दे रही है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया है कि थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की महिला पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में एटीएम फ्रॉड गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक बदमाश जाहिद के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी इरशाद दबोच लिया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की रेसिंग बाइक, 25 एटीएम कार्ड, 5100 रुपये नगद और एक तमंचा बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने एटीएम फ्रॉड और जाली करंसी सप्लाई की कई घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की। एसीपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों का लंबा आपराधिक इतिहास है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बने भाजपा नेता के जीजा

## पूर्व उपाध्यक्ष सुनील यादव ने दी अपनी छोटी बहन प्रीति को दिल से बधाई



**सुनील यादव के जीजा राव नरेंद्र सिंह बने हरियाणा के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष**

### बधाई में शामिल हैं भाजपा-कांग्रेस और समाजवादी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीतिक विचारधारा के साथ-साथ परिवार और रिश्तेदारी का कनेक्शन ऐसा होता है कि यहां फिर दल नहीं देखे जाते, दिल देखे जाते हैं। हरियाणा की जो बधाई का पैगाम है इसमें एक रोचक ट्विस्ट ये है कि कांग्रेस वालों की खुशी में भाजपा वालों की बधाई है, समाजवादी पार्टी की बधाई है। खास बात ये है कि ये बधाई राजनीतिक नहीं है बल्कि रिश्तेदारी वाली बधाई है। कांग्रेस वाले राव नरेंद्र सिंह को बधाई देने वालों में सुनील यादव भाजपा से हैं वो उनके सगे रिश्तेदार हैं और यहां रिश्तेदारी वाले सीन में समाजवादी पार्टी के एमएलसी जितेंद्र यादव भी आते हैं। जितेंद्र यादव का रिश्ता समधी वाला है। इस तरह से एक बधाई है और उसमें तीन राजनीतिक पार्टियां समाई हैं।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में विचारधारा एक अलग चीज है और परिवार एक अलग चीज है। एक परिवार में अलग-अलग विचारधारा के लोग होते हैं। एक परिवार में अलग-अलग दल के लोग हो सकते हैं और सबसे खास बात ये होती है कि जिस तरह से हम राजनीतिक शिष्टाचार का पालन करते हैं और विपक्षी दल के नेताओं को भी उनकी सफलता पर बधाई देते हैं, उसी तरह से एक परिवार में, एक कुनबे में और रिश्तेदारी में भी एक शिष्टाचार होता है। राजनीतिक विचारधारा से अलग सबका अपना परिवार होता है। सोमवार को पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव ने अपनी छोटी बहन प्रीति गुड्डी को बधाई दी।

दरअसल बधाई इस बात की है कि भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद सुनील यादव के जीजा राव नरेंद्र सिंह हरियाणा प्रदेश के कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। वो उनके सगे जीजा हैं और यहां पर बधाई तो बनती है। राव नरेंद्र सिंह हरियाणा की एक मजबूत पॉलिटिकल हस्ती हैं। वो तीन बार विधायक रहे हैं, एक बार प्रदेश में मंत्री रहे हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि राव नरेंद्र सिंह के पिता भी विधायक रहे हैं। परिवार का अपना एक सियासी कद है। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में सुनील यादव ने कहा कि मैंने अपनी छोटी बहन को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधारा पूरी तरह से भाजपाई है मगर, यह मेरी छोटी बहन के परिवार का मामला है। मेरी छोटी बहन के घर सफलता आई है तो भाई होने के नाते मैंने अपनी बहन को, अपने जीजा को और उनके परिवार को बधाई दी है।

## तलाशे जा रहे हैं विभु बंसल के यहां सुनील बंसल के आने के मायने

## पिलखुवा से कहीं शहर की ओर तो नहीं चल रहा है रुझान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कोई भी कदम ऐसे ही नहीं होता है। राजनीति में सियासी मायने होते हैं और राजनीति के जानकार इन बातों को भांपते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल बीते दिनों पिलखुवा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विभु बंसल के कविनगर स्थित आवास पर आये। हालांकि ये पारिवारिक विजीट थी और यहां पर कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था। परिवार के सदस्य थे और परिवार के सदस्य की तरह ही सुनील बंसल ने यहां सभी से आत्मीय और स्नेहिल मुलाकात की। मगर सियासत में हर बात का एक अर्थ होता है और अब इस बात के सियासी मायने तलाशे जा रहे हैं कि आखिर राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल विशेष रूप से पिलखुवा चेयरमैन सुनील बंसल के कविनगर वाले आवास पर ही क्यों आये थे। कुछ तो खास है और सबसे खास ये है कि सुनील बसंल भाजपा की एक राष्ट्रीय फिगर हैं। वो केन्द्र में जाने से पहले उत्तर प्रदेश की भगवा राजनीति की सबसे बड़ी धुरी रहे हैं।

वो भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री रहे हैं। उनके नेतृत्व में यूपी का चुनाव लड़ा गया और उन्होंने कुनबा एक्सटेंशन से लेकर कई ऐसे कार्यक्रम लगाये जिससे भाजपा में परिवार का विस्तार हुआ। कहा तो यहां तक जाता है कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 में जब पहली बार भगवा आंधी आई और भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार लेकर आई तो यहां संगठन का बड़ा चेहरा सुनील बंसल थे। क्योंकि उस समय यूपी का चुनाव ना तो योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर लड़ा गया था और ना वो प्रोजेक्टिड चीफ मिनीस्टर थे। सुनील बंसल अब भाजपा की राष्ट्रीय टीम में है और राष्ट्रीय महामंत्री हैं। एक ऐसी हंस्ती हैं जिसके सिर पर वो हाथ रख दें तो उसकी चुनावी बस्ती का बसना तय होता है। सुनील बंसल अब विभु बंसल के यहां आये हैं तो निश्चित रूप से इसके संदेश हैं और ये माना जा रहा है कि कहीं अब पिलखुवा चेयरमैन की विधानसभा वाली पारी का कुछ संकेत तो नहीं है। क्या उन्हें गाजियाबाद में किसी सीट पर लान्च करने की तैयारी है।

विभु बंसल की पारिवारिक पृष्ठभूमि उन्हें सियासत में सपोर्ट करती है। उनका व्यवहार और कार्यशैली उन्हें बड़े नेताओं की गुडबुक में स्थान दिलाती है। जब से सुनील बंसल विशेष रूप से विभु बंसल के घर पर आये हैं और पारिवारिक मुलाकात करके गये हैं तब से यहां कई दिलों में खलबली मची हुई है।

### सौम्य चेहरा और सियासी रूप से रहते हैं एक्टिव

करंट क्राइम। पिलखुवा नगर पालिका चेयरमेन विभु बंसल की बात करें तो वो राजनीति का एक सौम्य चेहरा हैं। शिष्टाचार उनके व्यक्तित्व का हिस्सा है और राजनीतिक रूप से वो एक्टिव रहते हैं। उनकी सक्रियता की एक बड़ी खूबी ये है कि वो अक्सर खुद को विवादों से दूर रखते हैं। अपने विरोधियों की भी आलोचना से बचते हैं और सकारात्मक रूप से राजनीति करते हैं। वो पिलखुवा के चेयरमेन हैं लेकिन उनका आवास गाजियाबाद में कविनगर में है। अब जब सुनील बंसल आये हैं तो कहने वाले यही कह रहे हैं कि कुछ पोलिटिक्ली पक रहा है क्योंकि विभु बंसल एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्हें पिलखुवा में एक झटके में तमाम अटकलों में के बीच टिकट मिला था और उन्होंने यहां जीत हासिल की। वो तब टिकट लेकर आये थे जब कई दावेदार थे और उन्होंने अपनी ताकत का एहसास कराया था।

### कई हैं वैश्य समाज के फेस और ऐसे में विभु बंसल का बेस

करंट क्राइम। गाजियाबाद की बात करें तो यहां वैश्य समाज का एक दबदबा है। यहां पहले से ही अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं, सुनीता दयाल मेयर हैं, दिनेश गोयल एमएलसी है। दावेदारी वाली बात करें और इस पर निगाह डाले तो यहां जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल, लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अतुल कुमार जैन, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, अनिल अग्रवाल सांवरिया, वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले, गोपाल अग्रवाल ऐसे चेहरे हैं जो एमएलसी वाली दौड़ में शामिल बताये जाते हैं। विधानसभा की दावेदारी में भी नाम चलता है और इन सब वैश्य फेस के बीच विभु बंसल का अपना बेस है। जिस तरह से पिलखुवा वाला टिकट उनके निकट आ गया था उसी तरह विधानसभा वाली दावेदारी में अपनी मजबूत दस्तक के साथ सीन को विकट कर सकते हैं।

## आरडी शर्मा से हो गए विधायक नंदकिशोर गुर्जर इंप्रेस, कहा-

## ऐसे लोगों का होना चाहिए राजनीति में प्रमोशन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आरडी शर्मा भाजपा कार्यकर्ता हैं और लगातार एक्टिव रहते हैं। वो सामाजिक संस्थाएं चलाते हैं जिनमें ब्राह्मण समाज की संस्था और मेरी आवाज सुनो संस्था है। वो अक्सर सम्मान कार्यक्रम करते हैं और कोरोना काल में उन्होंने ऑनलाइन सम्मान किया। बीते दिनों जब कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हुई तो डीसीपी से लेकर कोतवाल का सम्मान करके आए और उनके सम्मान की खूबी है कि उसमें मेधावी छात्रों से लेकर अधिकारियों तक सबको स्थान मिलता है।

सम्मान की एक परिपाटी ऐसी है जिसमें सब आते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि आरडी शर्मा जब भी कार्यक्रम करते हैं तो उसमें अच्छी संख्या में भीड़ होती है।

सोमवार को उन्होंने सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें उन्होंने कई जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया। सफाई मित्रों का सम्मान कर रहे थे, लेकिन कारण जो भी रहा यहां पर जनप्रतिनिधि के नाम पर केवल लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर पहुंचे। कार्यक्रम दीनदयाल उपाध्याय सभागार में था। पूरा हॉल भरा हुआ था और एक सुंदर व्यवस्थित कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में विधायक नंदकिशोर गुर्जर हालांकि थोड़ी देर रुके, लेकिन उन्होंने इस कार्यक्रम को लेकर आरडी शर्मा की तारीफ की।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि मैं वास्तव में इस कार्यक्रम को देखकर हैरान हुआ। आरडी शर्मा तो जनप्रतिनिधि नहीं हैं, लेकिन जिस हिसाब से उन्होंने अपने कार्यक्रम में लोगों की एक भीड़ जुटाई है इससे साबित होता है कि वह वास्तव में मेहनती हैं और उनका अपना एक जनाधार है।

उन्होंने कहा कि आरडी शर्मा की क्षमता पर संशय नहीं किया जा सकता। मेरा पूरा समर्थन उनके साथ है। ऐसे लोगों को वास्तव में राजनीति में प्रमोट किया जाना चाहिए। सफाई मित्रों का सम्मान कर एक अच्छी परंपरा शुरू की है और मैं उनसे इंप्रेस्ड हूं।

## गाजियाबाद में पुलिसकर्मियों के लिए 'काल' बनी सड़क

### डेढ़ महीने में चार पुलिसकर्मियों की हुई मौत





**यह घटनाएँ सवाल खड़ा करती हैं कि ड्यूटी पर जान जोखिम में डालने वाले पुलिस कर्मियों की सुरक्षा खुद सड़कों पर कितनी लाचार है।**

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** गाजियाबाद की सड़कों पर डेढ़ महीने के भीतर चार पुलिसकर्मियों की ज़िंदगी थम गई। हेड कांस्टेबल से लेकर महिला सब-इंस्पेक्टर तक, सभी हादसों के पीछे कहीं तेज रफ़्तार वाहन तो कहीं लापरवाही बड़ी वजह बनी। यह घटनाएँ सवाल खड़ा करती हैं कि ड्यूटी पर जान जोखिम में डालने वाले पुलिसकर्मियों की सुरक्षा खुद सड़कों पर कितनी लाचार है।




### सड़क हादसों की सूची

- **21 सितम्बर 2025 :** हेड कांस्टेबल अनुराधा, लालकुआं क्षेत्र में ड्यूटी जाते समय ट्रक से टकराई स्कूटी, मौके पर मौत।
- **19 अगस्त 2025 :** सब-इंस्पेक्टर ऋचा सचान, बाइक पर आवारा कुत्ते को बचाने में गिरीं, सामने से आई कार से हुई थी टक्कर।
- **24 अगस्त 2025 :** ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल विपिन कुमार, दिल्लीझमेरठ एक्सप्रेसवे पर ड्यूटी करते समय कार की चपेट में आए, बाद में इलाज के दौरान मौत।
- **12 अगस्त 2025 :** हेड कांस्टेबल अनुज चौधरी, पीआरवी गाड़ी पर ड्यूटी के दौरान ट्रक की टक्कर से मौत।

इन घटनाओं ने पुलिस महकमे में चिंता बढ़ा दी है। अफसर मानते हैं कि तेज रफ़्तार गाड़ियाँ, भारी वाहन और लापरवाह ड्राइविंग अब पुलिसकर्मियों की ड्यूटी को और खतरनाक बना रहे हैं।

### हादसों के बाद हेलमेट अभियान पर दिया जोर

करंट क्राइम : चार पुलिसकर्मियों की मौत के बाद पुलिस कमिश्नरेट ने हेलमेट और सेफ़्टी गियर न पहनने वाले पुलिसकर्मियों पर अभियान चलाया था। अफसरों का कहना है कि सुरक्षा नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

"यह हादसे बेहद दुखद हैं। ड्यूटी पर रहते हुए भी सड़क सुरक्षा की अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। हमने पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हेलमेट और सेफ़्टी बेल्ट का हर हाल में इस्तेमाल करें। साथ ही, तेज रफ़्तार वाहनों और भारी ट्रैफिक वाले इलाकों में विशेष सावधानी बरतें। जनता से भी अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें, क्योंकि सड़क पर जरा-सी लापरवाही ज़िंदगी छीन सकती है।



एडीसीपी

## संपादकीय

# तमिलनाडु रैली में मौत

सवाल है कि जब राजनीतिक रैलियों या धार्मिक आयोजनों के लिए आम लोगों के बड़े जमावड़े में बार–बार भगदड़ मचने की वजह से त्रासद हादसे लगातार सामने आ रहे हों, वैसे समय में भीड़ प्रबंधन को लेकर इस तरह की लापरवाही को कैसे देखा जाएगा। किसी भी राजनीतिक रैली के दौरान यह कोशिश की जाती है कि सभा को सफल बताने के लिए वहां ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचें, लेकिन इस बात का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि भारी संख्या में लोगों के जमावड़े के बाद अगर भगदड़ जैसे हालात पैदा हुए तो उसे संभालने के लिए क्या व्यवस्था होगी। तमिलनाडु के करूर में शनिवार को एक रैली के दौरान भगदड़ मचने की वजह से कम से कम चालीस लोगों की मौत और बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने की घटना एक बार फिर आयोजन और व्यवस्था को लेकर बरती गई व्यापक लापरवाही का नतीजा लगती है।

तमिलनाडु में अभिनेता से नेता बने विजय के लिए रैली का आयोजन करने वालों को यह अंदाजा जरूर होना चाहिए था कि कितनी संख्या में लोग वहां पहुंचेंगे। फिर भाषण देने के लिए विजय के पहुंचने में देरी की वजह से वहां इंतजार कर रहे 25 हजार से ज्यादा लोगों के बीच अफरा–तफरी मचने की आशंका बनी हुई थी। मगर इसे भांप कर पहले ही हादसे की स्थिति पैदा होने से रोकने के लिए आयोजकों की ओर से कुछ भी नहीं किया गया। अफसोसनाक सिलसिला बन चुके हैं अब हादसे सवाल है कि जब राजनीतिक रैलियों या धार्मिक आयोजनों के लिए आम लोगों के बड़े जमावड़े में बार–बार भगदड़ मचने की वजह से त्रासद हादसे लगातार सामने आ रहे हों, वैसे समय में भीड़ प्रबंधन को लेकर इस तरह की लापरवाही को कैसे देखा जाएगा। किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि हर स्तर पर ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि फिर वैसी घटना न हो। मगर विडंबना यह है कि न तो प्रशासन और न ही आयोजन में शामिल समूहों या लोगों को एहतियात बरतने की जरूरत लगती है। इसी का नतीजा है कि हर कुछ दिनों बाद किसी राजनीतिक रैली या धार्मिक आयोजन के दौरान व्यापक अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से नाहक ही लोगों की जान चली जाती है और बड़े पैमाने पर लोग घायल होते हैं। हादसों के बाद जांच की घोषणाएं तो की जाती हैं, लेकिन उनका नतीजा क्या निकलता है, किसे दोषी ठहराया जाता है और क्या कार्रवाई की जाती है, इस बारे में जनता को बताना जरूरी नहीं समझा जाता। यह बेवजह नहीं है कि अक्सर होने वाले हादसे अब अफसोसनाक सिलसिला बन चुके हैं।

# एमपीसी की बैठक के बीच गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 61 अंक टूटा

**नई दिल्ली।** सोमवार को शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 61.52 अंक गिरकर 80,364.94 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 19.80 अंक गिरकर 24,634.90 अंक पर आ गया। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। इससे इनमें गिरावट का सिलसिला सातवें दिन भी जारी रहा, क्योंकि इस सप्ताह के अंत में आरबीआई के ब्याज दर पर निर्णय से पहले लगातार विदेशी फंडों की निकासी से बैंक शेयरों में गिरावट आई। सोमवार को रुपया सीमित दायरे में मजबूत हुआ और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे की गिरावट के साथ 88.79 (अनंतिम) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।



30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 61.52 अंक या 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,364.94 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 80,851.38 के उच्च स्तर और 80,248.84 के निम्न स्तर को छुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 19.80 अंक या 0.08 प्रतिशत गिरकर 24,634.90 पर आ गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली के चलते निफ्टी लगातार सात कारोबारी सत्रों में 3 प्रतिशत से अधिक गिर चुका है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव भरा सत्र बिना किसी स्थिरता के समाप्त हुआ। छुट्टियों वाले संक्षिप्त सप्ताह और लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से पहले निवेशक अधिक सतर्क हो गए। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में स्पष्टता का अभाव और आईटी व फार्मा सूचकांकों पर लंबे समय से दबाव बाजार के लिए निकट भविष्य की चिंताएं हैं।

**ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 69.25 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा :** वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.25 प्रतिशत घटकर 69.25 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 5,687.58 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,843.21 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, एक्सिस बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर पिछड़ गए। वहीं टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक, इटर्नल और ट्रेंट प्रमुख लाभ में रहे।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के शेयर बाजारों में बढ़त देखी गई। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए।

# भारत ने भूटान के साथ दो सीमा पार रेल परियोजनाओं का किया ऐलान

### 4033 करोड़ होंगे खर्च

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को भूटान के साथ अपनी संयुक्त योजना की घोषणा की, जिसके तहत भूटानी शहरों समत्से और गेलेफू के साथ 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो सीमा पार रेल संपर्क स्थापित किए जाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान रेल परियोजनाओं की जानकारी दी। मिसरी ने कहा कि दोनों सरकारें बानरहाट (पश्चिम बंगाल) को समत्से से तथा कोकराझार (असम) को गेलेफू से जोड़ने के लिए दो सीमापार रेल संपर्क स्थापित करने पर सहमत हो गई हैं।

उन्होंने कहा, भारत और भूटान के बीच असाधारण विश्वास, पारस्परिक सम्मान और समझ का रिश्ता है। रेल संपर्क स्थापित करने के लिए समझौते पर पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूटान यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे।



वैष्णव ने बताया कि ये परियोजनाएँ भारतीय रेलवे के नेटवर्क से शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि इस पर लगभग 4,033 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। रेल मंत्री ने कहा कि इस पहल के तहत 89 किलोमीटर लंबा रेलवे नेटवर्क बनाया जाएगा।

# सहारा समूह की संपत्ति अदाणी प्रॉपर्टीज को बेचने की तैयारी, सुप्रीम कोर्ट से मांगी गई मंजूरी

**नई दिल्ली।** सहारा समूह की कंपिनयों के भविष्य से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। कंपनी के नीति निर्धारक समूह की संपत्तियों को अदाणी प्रापॅपर्टीज प्राइवेट लिमिटेट को बेचने की तैयारी कर रहे हैं। इसकी अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल) ने महाराष्ट्र में एम्बी वैली और लखनऊ में शाहरा शहर समेत विभिन्न संपत्तियों को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। हाल ही में दाखिल इस याचिका पर संभवतः 14 अक्तूबर को सुनवाई होगी। याचिका में क्या कहा गया है।



अधिवक्ता गौतम अवस्थी की ओर से दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट से सहारा समूह की संपत्तियों को बेचने की अनुमति मांगी गई है। समूह की संपत्तियों को 6 सितंबर, 2025 की टर्म शीट में निर्धारित नियमों और शर्तों पर अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की मंजूरी देने की अपील की गई है। सहारा समूह से संबंधित लंबित मामलों में दायर अंतरिम आवेदन में कहा गया है कि इस न्यायालय की ओर से समय-समय पर पारित विभिन्न आदेशों पालन करते हुए न्यायालय की अनुमति हासिल कर, एसआईसीसीएल और सहारा समूह बड़ी कठिनाई से अपनी कुछ चल और अचल संपत्तियां बेच पाए। इसकी आय को सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा कर दिया गया है। बयान में कहा गया है, कुल 24,030 करोड़ रुपये की मूल राशि में से सहारा समूह ने अपनी चल और अचल संपत्तियों की बिक्री/परिसमापन (लिक्विडेशन) के जरिए लगभग 16,000 करोड़ रुपये की राशि जुटाई और उसे सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा कर दिया है।

# मूडीज ने भारत की Baa3 रेटिंग्स को रखा बरकरार कहा- देश में प्रतिस्पर्धियों से बेहतर संभावनाएं

**नई दिल्ली।** मजबूत आर्थिक विकास और वैश्विक परिस्थितियों के बीच मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को भारत की दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग और स्थानीय मुद्रा से जुड़ी रेटिंग को **Baa3** पर बरकरार रखा।

मजबूत आर्थिक विकास और वैश्विक परिस्थितियों के बीच मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को भारत की दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग और स्थानीय मुद्रा से जुड़ी रेटिंग को इं3 पर बरकरार रखा। मूडीज ने अपने बयान में बताया भारत के लिए स्थिर दृष्टिकोण का कारण देश के सुधरते राजकोषीय मानक और



प्रतिस्पर्धियों की तुलना में मजबूत संभावनाएं हैं। हालांकि मूडीज ने कहा है कि अनिश्चित वैश्विक आर्थिक माहौल को देखते हुए राजस्व से जुड़े कुछ जोखिम भी हैं जो राजकोषीय समायोजन और ऋण में कमी की राह को बाधित कर सकते हैं। मूडीज ने अपने बयान में बताया भारत के लिए स्थिर दृष्टिकोण का कारण देश के सुधरते राजकोषीय मानक और प्रतिस्पर्धियों की तुलना में मजबूत संभावनाएं हैं।

# भारत का औद्योगिक उत्पादन अगस्त में चार प्रतिशत बढ़ा, सरकारी आंकड़े जारी

**नई दिल्ली।** जुलाई माह के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) वृद्धि दर को संशोधित कर 4.3 प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इसका अनुमान 3.5 प्रतिशत था। सरकार की आरे से सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश का औद्योगिक उत्पादन अगस्त में 4 प्रतिशत बढ़ा। इसका मुख्य कारण खनन क्षेत्र का बेहतर प्रदर्शन है।



जुलाई माह के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) वृद्धि दर को संशोधित कर 4.3 प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इसका अनुमान 3.5 प्रतिशत था। अगस्त 2025 के लिए तीन क्षेत्रों, खनन, विनिर्माण और बिजली की वृद्धि दर क्रमशः 6 प्रतिशत, 3.8 प्रतिशत और 4.1 प्रतिशत थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक औसत मनुष्य के लिए अपनी ही कुहनी चाट पाना असंभव है।
- जो लोग ऊपर वाला तथ्य पढ़ रहे हैं उन में से 75 % से ज्यादा लोग अपनी कुहनी चाटने की कोशिश करेंगे।
- अगर आप जोर से छींकें तो आप अपनी पसली तुड़वा सकते हैं।
- सिर्फ एक घंटा हेडफोन लगाने से हमारे कानों में जीवाणुओं की तादाद 700 गुना बढ़ जाती है।
- पूरे जीवन काल के दौरान नीद में आप भिन्न–भिन्न तरह के 70 कीट खा जाते हैं।
- आपका दिल एक दिन में लगभग 100,000 बार धड़कता है।
- आप के शरीर की लगभग 25 फीसदी हड्डियाँ आप के पैरों में होती हैं।
- उँगलियों के नाखून पैरों के नाखूनों से 4 गुना ज्यादा तेजी से बढ़ते हैं। मानव गर्भनिरोधक गोलियां गोरिल्ला पर भी काम करती है।
- एक गिलहरी की उम्र 9 साल तक होती है।
- छिपकली का दिल 1 मिनट में 1000 बार धड़कता है।
- अगर एक बिच्छू पर थोड़ी सी मात्रा में भी शराब या रस डाल दिया जाए तो यह पागल हो जाएगा और खुद को डंक मार लेगा।

## राशिफल

**मेष :** आज आपको अपने प्रतिस्पर्धियों से बहस न करने की सलाह दी जाती है। धन और संपत्ति के मामलों में निर्णय लेते समय सावधानी बरतने की जरूरत है।

**वृष :** खुद को ऊजार्वान महसूस करेंगे। इस ऊर्जा से जो भी काम करेंगे वह समय पर पूरा होगा। इंजीनियर अनुभव सही दिशा में इस्तेमाल करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

**मिथुन :** दिन आपके लिए अनुकूल है। कुछ बातों को लेकर आप संशय में रहेंगे। शारीरिक रूप से अस्वस्थ हो सकते हैं लेकिन फिर भी मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क :** आप व्यापार में धन का निवेश करेंगे तो उन्हें लाभ होगा। जिससे आर्थिक पक्ष पहले से काफी बेहतर रहेगा। आज परिवार के किसी सदस्य से विवाद हो सकता है।

**सिंह :** अधिकांश समय मित्रों के साथ व्यतीत होगा। दिनचर्या से अलग–अलग कार्यों में व्यस्त रहेंगे। दोस्तों और परिवार के साथ कहीं घूमने जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है. किसी भी काम में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के लिए आप कुछ नया करेंगे। सफलता अवश्य मिलेगी।

**तुला :** आज सफलता आपके चरण चूमेगी. प्रेम जीवन में समय की कमी आज आपको परेशान कर सकती है। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी।

**वृश्चिक :** आज पैसों की बारिश होने वाली है. साथ ही नया वाहन लेने की भी स्थिति बन रही है। मित्रों के सहयोग से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**धनु :** धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पत्रकारिता और फिल्म से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन लकी फैक्टर है। ट्रांसफर के भी योग नजर आ रहे हैं।

**मकर :** विद्यार्थियों को थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। अगर आप खुद को शांत रखने की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**कुंभ :** मेहनत से आपको काम में सफलता मिलेगी। व्यापार में लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। आज धन खर्च हो सकता है। लव लाइफ में तनाव हो सकता है।

**मीन :** आज आपका मन धार्मिक कार्यों में लगा रहेगा। इस राशि के जो लोग लोहे का व्यवसाय कर रहे हैं उन्हें उम्मीद से कम लाभ होगा।

## चुटकुले

अकबर ने बीरबल से तीन नये सवाल पूछे
और कहा तीनों का जवाब एक ही होना चाहिये।
दूध क्यों उफन जाता है ?
पानी क्यों बह जाता है ?
सब्जी क्यों जल जाती है ?
बीरबल ने जवाब दिया ।
व्हाटसअप चालू होने की वजह से।

---

वो लड़कियां भी किसी आतंकवादी से कम नहीं हुआ करती थी।
जो टीचर के क्लास मे आते ही याद दिला देती है ..
सर आपने टेस्ट का बोला था!

---

टीचर– मिंकी यमुना नदी कहां बहती है?
मिंकी– सर, जमीन पर!
टीचर– नक्शे में बताओ कहां बहती है?
मिंकी नक्शे में कैसे बह सकती है सर, नक्शा गल नहीं जाएगा।

## 30 09 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



शान (गायक)



हर्ष मुखिया, काव्या तौमर, गीताक्षी त्यागी, पूनम गुप्ता, आलोक दूबे (पुलिस अधिकारी)



यशपाल पहलवान (पार्षद), गौरव गर्ग, निर्मल यादव, संजय बिंदल, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, निर्दोष त्यागी, सुनील सिंह

मोहित कुमार, एड. मनीष कौशिक, अजीतपाल, मोहित शर्मा, आलोक पौराणिक, इफ्तकार कुरैशी, राज सिंह पाल

आलोक बंसल, सुशील शर्मा, विनोद चौहान, संतपाल सिंह, सुभम त्यागी, आशु प्रजापति, आरके सिंघल

मोनी कुमार, लालू कुमार, टोनी कुमार, दीपक तोमर, दिनेश गुप्ता, गोपाल शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# इंदिरापुरम को मिली बड़ी सौगात
## 2.65 करोड़ की सीवर लाइन का शिलान्यास





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस-हिण्डन क्षेत्र के इंदिरापुरम में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए नगर निगम ने एक और बड़ा कदम उठाया है।

सोमवार को वार्ड-79 न्यायखंड-1 स्थित जीडीए मार्केट के सामने महापौर सुनीता दयाल ने नारियल फोड़कर 2 करोड़ 65 लाख की लागत से बनने वाली नई सीवर लाइन का शिलान्यास किया। इस मौके पर स्थानीय पार्षद हरीश कड़ाकोटी सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### पुरानी सीवर लाइन से परेशान थे लोग

**करंट क्राइम :** जीडीए द्वारा विकसित इंदिरापुरम में कई दशक पहले सीवर लाइन बिछाई गई थी, जो अब जर्जर होकर जगह-जगह जाम होने लगी थी। न्यायखंड-1, अभयखंड समेत कई इलाकों में सीवर ओवरफ्लो की समस्या आम हो गई थी। महापौर ने कहा कि इस नई लाइन से हजारों लोगों को लंबे समय तक बड़ी राहत मिलेगी। इस परियोजना के तहत 1000 मीटर लंबी और 600 व्यास की आरसीसी सीवर लाइन जीडीए मार्केट से एमटीएस होते हुए सेंट टेरेसा स्कूल और न्यायखंड-1 तक बिछाई जाएगी। नगर निगम का दावा है कि इस नई लाइन से भविष्य में जलभराव और सीवर जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

### महापौर बोलीं-हर वार्ड में होगा विकास कार्य

**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि इंदिरापुरम में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर निगम को हस्तांतरित होने के बाद सीवर, पानी की लाइन और नालों को व्यवस्थित करने का काम तेजी से चल रहा है। हमारा संकल्प है कि हर वार्ड में लोगों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ते हुए उनका जीवन आसान बनाया जाए।

### क्षेत्रवासियों ने जताई खुशी

**करंट क्राइम :** शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जिनमें भगवती प्रसाद जुयाल, सोबन सिंह, हरसिंग मेहता, परेश्वर जुयाल, डॉ. जय श्री सिन्हा, प्रतिभा कड़ाकोटी, आदित्य, अनुपम शुक्ला, नंदकिशोर, एस.के. सिन्हा, तोशी, पी.सी. कोटनाला और सूरज सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल थे। सभी ने नगर निगम और महापौर का धन्यवाद किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई।

# मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत छात्राओं का हुआ सम्मान
## डीसीपी ने बांटे प्रशस्ति पत्र




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत ट्रांस हिण्डन जोन कमिश्नरेट के डीसीपी निमिष पाटिल द्वारा बालिकाओं और छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीसीपी ने छात्राओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास से जुड़ी जानकारियाँ साझा कीं। इस अवसर पर एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव की मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलम्बन को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में शामिल छात्राओं ने भी अपने विचार रखे और भविष्य में समाज में बेहतर योगदान देने का संकल्प लिया।

# भाई रावण से अपमानित होकर विभीषण आए राम की शरण में





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री रामलीला समिति, राजनगर में चल रही रामलीला में विभीषण का अपने भाई रावण द्वारा अपमानित होने के बाद श्री राम की शरण में चले जाते हैं। हनुमान जी के द्वारा माता सीता की खबर प्राप्त होने के पश्चात समुद्र पार करने से पूर्व रामेश्वरम की स्थापना, अंगद को दूत बना कर रावण के दरबार में लंका भेजने आदि प्रसंगों की प्रस्तुति की गई। मंचन के दौरान राम का गुणगान करने पर रावण अपने विभीषण का अपमान करता है। भाई रावण से अपमानित होकर विभीषण राम की शरण में पहुंचते हैं। शरणागति के पश्चात श्री राम ने उन्हें लंका का राजा बना देते हैं। दूसरी ओर सीता माता की जानकारी मिलने पर राम के शिविर में इस बात पर मंथन चल रहा हैं कि समुद्र को कैसे पार किया जाए। तभी नल और नील दो भाइयों को बुलाकर समुद्र पर पुल बनाने की योजना बनाई जाती हैं। श्री राम के द्वारा भगवान शिव की आराधना के बाद काम शुरू किया जाता हैं और सफलता भी मिलती हैं। यही स्थान आज दक्षिण भारत में रामेश्वरम् के रुप में जाना जाता हैं, तथा नल नील द्वारा निर्मित पुल रामसेतु के रुप में जाना जाता हैं। श्री राम के द्वारा अंगद को दूत बनाकर रावण के दरबार में भेजा जाता हैं। जहां वह रावण के समक्ष संदेश प्रस्तुत करते हैं, लेकिन वह रावण को समझाने में असफल रहता हैं। सारे दरबारी तथा रावण पुत्र इन्द्रजीत भी अंगद के पांव को हिलाने में असमर्थ रहता हैं। तब रावण कहता हैं कि उसे अपना परिणाम पता हैं लेकिन वह युद्ध अवश्य करेगा।

इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, मुख्य संयोजक राकेश मिश्रा, अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल, मुख्य सलाहकार अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, राधेश्याम सिंघल, सुभाष शर्मा, आलोक मित्तल, अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, सुन्दर लाल यादव, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, देवेन्द्र गर्ग, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, डॉ आरके पोद्दार, डॉ मधु पोद्दार, श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती मंजू त्यागी, रेशमा मित्तल, श्रीमती प्रीति मित्तल सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में मृतक अभियुक्त बलराम के संबंध में मजिस्ट्रियल जांच हुई शुरू
## नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद हुए जांच अधिकारी नियुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद ने अवगत कराया कि 20 सितंबर 2025 को अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध), स्वाट टीम क्राइम ब्रांच और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में घायल अपराधी बलराम पुत्र श्याम सिंह, निवासी रोगन थाना जहांगीराबाद, बुलंदशहर, की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

इस संबंध में थाना वेब सिटी पर मु.अ.सं. 0287/2025 धारा 109(1), 303(2), 317(2), 345(3), 3(5) बीएनएस एवं 3/25/27 आयुध अधिनियम के तहत मृतक बलराम व 3 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली के निदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी गाजियाबाद ने नगर मजिस्ट्रेट को इस प्रकरण का जांच अधिकारी नियुक्त किया है। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा मजिस्ट्रियल जांच प्रारंभ कर दी गई है।

### आमजन से अपील

सर्वसाधारण से अनुरोध है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष जानकारी या साक्ष्य उपलब्ध हो तो वे 28.09.2025 से 12.10.2025 के बीच नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय (कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद) में कार्य दिवसों के दौरान उपस्थित होकर अथवा मोबाइल नंबर 9415425932 पर संपर्क कर अपना बयान/साक्ष्य (लिखित/ फोटोग्राफ/ ऑडियो/ वीडियो) उपलब्ध करा सकते हैं।

# उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति ने किया रामलीला मंचन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति डी ब्लॉक नंदा देवी पार्क बृज विहार गाजियाबाद द्वारा छठे दिन का रामलीला मंचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूपनेखा नासिक छेदन, सीता हरण, जटायू मरण जैसे सुंदर दृश्यों का मंचन किया गया।



संस्था के महासचिव ने बताया कि सूपनेखा का अभिनय मनीषा जोशी ने किया, जो संस्था के सचिव प्रेम सिंह रावत की सुपुत्री हैं। इसके अलावा कुंभकरण का रोल भी उनके द्वारा किया जा रहा है। उनके पति नितिन जोशी भी अन्य किरदार निभा रहे हैं। रावण का अभिनय योगेश पांडे जी ने किया, जबकि राम का अभिनय कमलकान्त जी ने और सीता का अभिनय भारती बिष्ट ने किया। लक्ष्मण का अभिनय ललित के द्वारा किया गया।

सभी कलाकार बृज विहार में निवास करते हैं और उन्होंने बहुत ही सुंदर अभिनय किया। आगामी दिनों में और भी सुंदर दृश्य और अभिनय दिखाए जाएंगे। उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति ब्रिज विहार द्वारा आयोजित इस रामलीला मंचन को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

# विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान में गाजियाबाद नगर निगम की भागीदारी








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर विकसित उत्तर प्रदेश @2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अंतर्गत वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। इसमें महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, पार्षदों व निगम अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लखनऊ की तरह गाजियाबाद भी आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने निकायों को सुविधाओं के साथ आय बढ़ाने का मंत्र दिया।

नगर आयुक्त ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मल्टीलेवल पार्किंग, महिला छात्रावास जैसे प्रोजेक्ट पूरे कर निगम को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। वहीं, महापौर ने पार्षदों और अधिकारियों से 2047 को ध्यान में रखते हुए विशेष नीति बनाने व शहर के विकास में एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। बैठक में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव सहित पार्षद विनिल दत्त, अमित त्यागी, नीरज गोयल, उमेश नागर, प्रवीण भाटी, मनोज त्यागी, रवि भाटी, नितिन, ओमप्रकाश व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय होंगे स्थापित, पारदर्शी प्रक्रिया से होगा फर्नीचर चयन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पंचायती राज अनुभाग-3 के शासनादेश के क्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित किए जाएंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि इन पुस्तकालयों में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए आवश्यक फर्नीचर और संग्रहण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए प्रति पुस्तकालय 6 बुक शेल्व्स (स्टील की, एंटी-रस्ट कोटिंग के साथ), 2 रीडिंग टेबल, 13 कुर्सियां, 2 कंप्यूटर टेबल, बच्चों की किताबों के लिए 1 लो-हाइट डिस्प्ले रैक और 1 लाइब्रेरियन/असिस्टेंट डेस्क निर्धारित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि फर्नीचर और सामग्री की खरीद पूरी तरह पारदर्शी तरीके से की जाएगी। सामग्री केवल अधिकृत प्रकाशक (डएट) या उनके अधिकृत पुनर्विक्रेताओं से ही खरीदी जाएगी, जो ॠएट पोर्टल पर पंजीकृत हों। विक्रेताओं को यह प्रमाणित करना होगा कि वे किसी भी स्तर पर शासकीय अथवा अर्धशासकीय निकाय द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं हैं। साथ ही उनके पास वैध ॠळ, ढअठ और पंजीकरण प्रमाणपत्र होना जरूरी है।

इच्छुक प्रकाशक या अधिकृत विक्रेता इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर अपने विवरण, प्रस्तावित सामग्री की सूची और अन्य आवश्यक दस्तावेज ई-मेल के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन dprogz-up@nic.in पर एक्सेल शीट के रूप में भेजना अनिवार्य होगा।

# राम भरत मिलाप, सीता हरण और राम सुग्रीव मित्रता का भावपूर्ण मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम।** प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित श्री रामलीला के दसवें दिन सोमवार की संध्या को रामझभरत मिलाप, सीता हरण और रामझसुग्रीव मित्रता के प्रसंगों का भावपूर्ण एवं रोमांचक मंचन हुआ। मंचन का शुभारंभ रामझभरत मिलाप से हुआ, जिसमें भरत द्वारा राजसिंहासन लौटाने का आग्रह और श्रीराम का धर्मपालन करते हुए वनवास स्वीकार करने का प्रसंग दर्शकों को गहराई तक स्पर्श कर गया। इसके बाद सीता हरण का दृश्य मंचित हुआ, जिसमें रावण द्वारा स्वर्ण मृग के बहाने माता सीता का हरण और जटायु के वीरतापूर्ण युद्ध का चित्रण देखकर पंडाल में सन्नाटा छा गया।

संध्या का समापन रामझसुग्रीव मित्रता के प्रसंग से हुआ, जिसमें भगवान श्रीराम ने सुग्रीव से मित्रता कर उसे बाली के भय से मुक्त करने का वचन दिया। इस प्रसंग में हनुमान का परिचय और रामझ सुग्रीव के बीच हुई अटूट मित्रता ने सभी को गहरे प्रभावित किया। कलाकारों की सजीव अभिनय, संवादों की गूंज और प्रकाशझध्वनि के अद्भुत प्रभाव ने पूरे वातावरण को त्रेता युग की दिव्यता से आलोकित कर दिया। समिति के चेयरमैन नरेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि रामायण के ये प्रसंग त्याग, धर्म और सच्ची मित्रता की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर महेश भारद्वाज, सुशील बीना सेंगर, मनोज भारद्वाज, इंद्रपाल प्रधान, मनीष भारद्वाज, बृजमोहन मिश्रा, मोहन सिंह राणा, संजीव भारद्वाज, अश्विनी कौशिक, मीडिया प्रभारी अमित किशोर, नितिन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# जागरण में माता के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोहननगर राजीव कॉलोनी में क्षेत्रवासियों ने मिलकर माता रानी का जागरण आयोजित किया। रात भर भजन गायकों ने माता के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। गायक आंचल कश्यप, पूजा, शिवानी सरगम, संजय शर्मा, गोपाल शर्मा, सुशील सांवरिया ने माता के भजनों की अच्छी प्रस्तुति दी जिन पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। प्रात:कालीन तारा रानी कथा, आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गाजियाबाद में श्री सुल्लामल रामलीला में हुआ बाली वध का भव्य मंचन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री सुल्लामल रामलीला समिति द्वारा सोमवार को राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध का प्रसंग बड़े ही भव्य और मार्मिक रूप में मंचित किया गया। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला का आरंभ शबरी प्रसंग से हुआ, जहां शबरी माता भगवान श्रीराम को अपने जूठे बेर खिलाती हैं। इसके पश्चात राम और सुग्रीव की मित्रता का दृश्य मंचित किया गया। सुग्रीव ने अपने भाई बाली द्वारा किए गए अत्याचारों की व्यथा श्रीराम को सुनाई।

इसके बाद श्रीराम के कहने पर सुग्रीव ने बाली को युद्ध के लिए ललकारा। प्रथम युद्ध में सुग्रीव पराजित हुए, लेकिन श्रीराम ने पुन: उन्हें साहस दिलाकर युद्ध में भेजा। अंतत: पेड़ की आड़ से तीर चलाकर भगवान श्रीराम ने बाली का वध किया। इस दृश्य के मंचन के दौरान पूरा मैदान जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। रामलीला देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तगण दूर-दराज से पहुंच रहे हैं। सोमवार की लीला को दर्शकों ने बेहद सराहा और कलाकारों की अदायगी पर खूब तालियां बजाईं। आज की लीला में समिति अध्यक्ष अजय बंसल सहित नरेश अग्रवाल, सुधीर गोयल, वीरेंद्र कुमार वीरो, उस्ताद अशोक गोयल, संजीव मित्तल, दिनेश शर्मा बब्बे, अनिल चौधरी, ज्ञान प्रकाश गोयल, सुबोध गुप्ता, सुंदर लाल, राघवेंद्र, पार्षद नीरज गोयल, मोहित मित्तल, राजेश बंसल, अजय गुप्ता, सुभाष बजरंगी, नंद किशोर शर्मा, अनिल गर्ग, विजय गोयल, लोकेश बंसल आदि समिति पदाधिकारी मौजूद रहे।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक में नवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे द ग्रेट खली, दर्शकों ने किया जोरदार स्वागत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** करंट क्राइम। क्रासिंग रिपब्लिक स्थित जीएच-7 सोसाइटी में नवरात्रि महोत्सव-2025 के दौरान चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को डब्ल्यू डब्ल्यू ई रेसलिंग चैंपियन द ग्रेट खली को सामने देखकर दर्शक अचंभित हो गए।

नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित बच्चों के डांस शो का आयोजन किया गया। डांस शो में सोसाइटी के बच्चों के कुल 16 ग्रुप्स ने भाग लिया और अपनी नृत्य प्रतिभा से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में दर्शकों की भारी उपस्थिति रही और विशेष रूप से बच्चों में उत्साह चरम पर था। तभी ग्रेट खली की एंट्री हुई। उन्हें देखकर दर्शक रोमांचित हो गए। दर्शकों ने द ग्रेट खली का जोरदार स्वागत किया। ग्रेट खली ने अपने अंदाज में लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पर्व पर माता रानी का आशीर्वाद सभी को मिले, इसके लिए वे माता रानी से प्रार्थना करते हैं।

शो में प्रसिद्ध सेलिब्रिटी श्वेता चौहान भी शामिल हुई। उन्होंने मंच पर अपनी आकर्षक प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया।

जीएच-7 सोसाइटी के एओए अध्यक्ष डॉ. रोहित चौधरी ने ने जीएच-7 के सभी निवासियों, एओए टीम के सदस्यों, कल्चरल कमेटी, इवेंट ऑर्गनाइजर्स एवं प्रायोजकों को उनके सहयोग, सक्रिय भागीदारी, रचनात्मक योगदान और समर्पण के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि अधिक भीड़ और अतिथियों के सीमित समय के कारण सभी प्रशंसकों को मुख्य अतिथियों के साथ फोटो लेने और मिलने का अवसर नहीं मिल पाया, जिसका समिति के सदस्यों को अफसोस है।

जीएच-7 सोसाइटी के एओए पदाधिकारियों एवं सदस्यों सुशील कुमार माहेश्वरी, अभय सिंह यादव, पूनम सिन्हा, कमल तनेजा, मयंक अग्रवाल, राम सिंह, सुखविंदर संधू, प्रगति शारदा एवं सुमित श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान एओए टीम भविष्य में भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी।

# महिला सशक्तिकरण-5 के तहत छात्राओं ने सीखा बैंक और पोस्ट ऑफिस का काम







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला सशक्तिकरण 5 अभियान के अंतर्गत आज जनपद के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं को बैंक और पोस्ट ऑफिस का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्राओं को इन संस्थानों में चल रही सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में चेक के उपयोग, बचत योजनाओं, ऋण सुविधाओं तथा महिलाओं से संबंधित विशेष योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जनपद के 205 विद्यालयों की लगभग 53,303 छात्राओं ने इसमें भाग लिया। कई विद्यालयों में बैंक और डाकघर के अधिकारी स्वयं पहुंचे और छात्राओं को कक्षाओं में ढढळ और वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। साथ ही फार्म वितरित कर उन्हें भरने की विधि भी समझाई।

छात्राओं ने इस अनुभव को बेहद उपयोगी बताया। उनका कहना था कि पहले उन्हें बैंक और पोस्ट ऑफिस की कई योजनाओं की जानकारी नहीं थी, लेकिन अब वे स्वयं कई कार्य कर सकती हैं। कुछ छात्राओं ने कहा कि वे अपनी माताओं को भी इन योजनाओं की जानकारी साझा करेंगी।

इस कार्यक्रम को लेकर छात्राओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन जनपद के अनेक विद्यालयों में हुआ, जिनमें प्रमुख हैं: गुरु नानक कन्या गर्ल्स इंटर कॉलेज, एम.बी. गर्ल्स, सुशीला बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज विजयनगर, राजकीय इंटर कॉलेज नंदग्राम, राजकीय इंटर कॉलेज कलछीना, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुशलिया, राजकीय हाई स्कूल नूरपुर, राजकीय हाई स्कूल मतौर, पीबीएएस कन्या इंटर कॉलेज मोदीनगर और लोनी इंटर कॉलेज लोनी आदि।

# सांसद अतुल गर्ग के नेतृत्व में गाजियाबाद में 'सांसद खेल महोत्सव 2025' का भव्य शुभारंभ







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ आज डीपीएस पब्लिक स्कूल, वसुंधरा सेक्टर-9 में हुआ। इस महोत्सव का नेतृत्व गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने किया और उन्होंने स्वयं वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि यह खेल महोत्सव युवाओं में ऊर्जा और उत्साह भरने के साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करेगा। फिट युवा ही विकसित भारत की आधारशिला हैं।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व विधायक एवं एमएलसी सुरेश कश्यप भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

पुरस्कार वितरण समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, हैगर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक नमित अग्निहोत्री, आर.के. मेमोरियल स्कूल प्रबंधक सूरज गुप्ता एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। यह महोत्सव देर रात तक रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हुआ। सांसद अतुल गर्ग ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गाजियाबाद के युवा खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाएंगे, यही हमारा संकल्प है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति और पार्षद उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सत्येंद्र चौधरी, राहुल शर्मा, श्याम शर्मा, प्रतीक माथुर, बलप्रीत सिंह, कार्तिक शर्मा, अनुराग मिश्रा, निशी त्यागी, रिचा शर्मा, बलराम त्यागी, संदीप पाल, हरमीत बक्शी, मोनिका गुप्ता, मंजू श्रीवास्तव, सुधा शुक्ला, पुनीत, बबीता मित्तल, सीता वर्मा, पूनम पांडे, हरीश गौर, राजेंद्र, सुभाष, राज जैन, सुमन सती, अनीता राणा, सीमा सिंह, अंजू घनशाला, निशा, आशा पवार आदि शामिल रहे।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

**वॉलीबॉल प्रतियोगिता**

- **प्रथम स्थान:** भाटी क्लब गाजियाबाद 21,000 रुपए व ट्रॉफी
- **द्वितीय स्थान:** एयर फोर्स क्लब 11,000रुपए
- **तृतीय स्थान:** वैशाली क्लब गाजियाबाद 5,100 रुपए

**बास्केटबॉल प्रतियोगिता**

- **प्रथम स्थान:** ए.आर. बास्केटबॉल टीम 11,000 रुपए
- **द्वितीय स्थान:** स्किल जंक्शन अकादमी 5,100 रुपए
- **तृतीय स्थान:** सुभार्ती क्लब 3,100 रुपए

# विधायक संजीव शर्मा ने विजयनगर मंडल में जनसंपर्क कर बताया जीएसटी छूट का लाभ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीएसटी में दी गई छूट को बचत उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर विधायक संजीव शर्मा ने विजयनगर मंडल में जनसंपर्क अभियान चलाया।

विधायक संजीव शर्मा ने मंडल पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ विजयनगर मंडल के बाजारों का दौरा किया और लोगों को जीएसटी छूट से होने वाले लाभों के बारे में अवगत कराया। विधायक के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान विधायक संजीव शर्मा ने व्यापारियों और आम नागरिकों को बताया कि जीएसटी छूट का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँच रहा है। रोजमर्रा की जरूरत का सामान सस्ता या टैक्समुक्त हो जाने से उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा है, वहीं बिक्री बढ़ने से व्यापारियों को भी फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी छूट के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को ऐसा तोहफा दिया है, जो इस साल दीपावली पर्व का सबसे अनमोल उपहार है।

त्योहारों के शुभ सीजन में करों में मिली छूट जहां व्यापारियों को सशक्त करेगी, वहीं ग्राहकों को भी अधिक लाभान्वित करेगी। इस मौके पर संजीव कुमार, पुनीत जैन, कपिल गर्ग, संजीव बरनवाल, मनीष अग्रवाल, दुष्यंत कुमार, कर्ध कुमार समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।




### आने तो दो जरा 27 फिर देखना भगवागढ़ में फूलों की आईस-पाईस

जिन्हें ये लग रहा है कि हर बार की तरह इस बार भी जय-जयकार होगी तो वो जरा हवा के रूख से सावधान रहें। जो देवतुल्यों को हल्के में ले रहे हैं उन्हें याद रहे कि अब देवतुल्यों ने भी दूरी बनानी शुरू कर दी है। एक बड़ी फौज केवल हवा के रूख को भांप रही है। खबर ये है कि इस फौज पर साईकिल वालों से लेकर हाथ वालों की नजर है। लाईन पार से लेकर नदिया पार तक एक बगावत अंदर ही अंदर सुलग रही है। देवतुल्यों ने भी मान लिया है कि जब हमें सरकार में भी तकरार के साथ विपक्ष वाली फीलिंग लेनी है तो फिर हमने कौन सा फूल के साथ ऐफिडेविट भर दिया है। वो सबक सिखाना चाहते हैं और जो बात बाहर निकल कर आ रही है वो ये है कि जब चुनावी रण की बेला आयेगी तो खेला होगा। जैसे ही 27 आयेगा वैसे ही ख्वाहिश का एक तूफान आयेगा और भगवा देवतुल्यों की आईस-पाईस शुरू हो जायेगी। मौहल्ले वाले अपना टिकट कन्फर्म मानकर चल रहे हैं और पार्षद इन-वेटिंग वाले दल ने तय कर लिया है कि इनका नजला हम उतारेंगे। 2027 का चुनावी रण रोचक होने जा रहा है।

### चुभी थी ये फांस कि उसने मांगी थी मेरे चुनाव में मुझ ही से 40 पेटी शराब

किस्सा फूल वालों के यहां इस बात का गूंजता है कि जो माननीय हो गये अब वो लहजे में शूल क्यों ला रहे हैं। बताने वाले ये बता रहे हैं कि माननीय ऐसे ही नहीं बने हैं और माननीय बनने की बेला में उनसे देवतुल्यों ने मानदेय ले लिया था। अब वो कह रहे हैं कि जब मानदेय ही ले लिया तो अब मान किस बात का मांग रहे हो। भगवा दरवाजे से निकली एक बात ये है कि उन्हें ऐसे ही क्रोध नहीं आया है। बताते हैं कि उन्हें पुराना किस्सा याद आया है। उनके दिल में इस बात की फांस आज तक चुभी है कि मेरे चुनाव में मुझ ही से मेरे ही दल के देवतुल्य ने चुनावी ठेकेदार बनकर मुझे 40 पेटी शराब की डिमांड की थी। जब मैंने इस बात से इंकार किया तो उनके भी तेवर बदल गये थे और उन्होंने भी साफ इंकार किया था। अब वो किस बात का मान चाहते हैं और किस बात का सम्मान चाहते हैं। बताते हैं कि इलैक्शन वाले ऑब्लिगेशन ही सारी टेंशन की जड़ हैं।

### खोली उसने जुबान और कहा राखी की लाज उन्हें भी रखनी थी साहब

एक दौर था जब नए वालों के दरवाजे पर नए वालों ने डेरा डाल दिया था। अब दोनों ही एक दूसरे को फूल समझ रहे थे और किसने किसका फूल बनाया ये तो बाद की बात है मगर अब जब बातें चलती हैं तो दिल का गुब्बार बाहर आ जाता है। उस समय तत्कालीन भगवा जीजा जी के तत्कालीन साले ने जुबान खोली और रक्षा बंधन का दर्द साझा कर दिया। उन्होंने बताया कि अकेला मैं ही नहीं था और मेरे जैसे कई थे जिनकी जुबान बहन जी बहन जी और दीदी दीदी करके थकती नहीं थी। हमने तो दोनों से ही राखी बंधवाई थी। बात राखी की लाज की आ गई तो उन्होंने कहा कि रक्षा का बंधन रक्षा वालों को दोनों तरफ से निभाना था। हमने पूरी वफा की लेकिन वो फिर भी खफा ही रहे। छोटे टिकट की बेला में उस दरवाजे से सबके साथ खेला हो गया। बड़ा टिकट सब अपने दम पर लाये। राखी की लाज हमने तो पूरी रखी और उन्हें भी रखनी चाहिए थी।

# पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी 'चिंटू' ने मेयर से बढ़ा हुआ गृहकर तुरंत वापस लेने की मांग की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा गृहकर में की गई बेहिसाब बढ़ोतरी को लेकर जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। विरोध के बावजूद बढ़ोतरी वापस नहीं की गई और अब कहा जा रहा है कि बढ़ी हुई राशि पर 20% की छूट दी जाएगी।

पूर्व पार्षद वार्ड 36 अरविंद चौधरी 'चिंटू' ने महापौर से अपील करते हुए कहा कि यह न तो समाधान है और न ही न्याय। उन्होंने उदाहरण देकर समझाया कि अगर किसी वस्तु की कीमत 100 रुपये थी और उसे बढ़ाकर 200 रुपये कर दिया जाए, तो 20% की छूट के बाद भी कीमत 160 रुपये रहेगी। यानी जनता पर बोझ अब भी 60% ज्यादा है।

**जनता की प्रमुख मांगें**

- बढ़ाया गया गृहकर तुरंत वापस लिया जाए।
- महंगाई से राहत दी जाए : 20% नहीं, बल्कि पूर्ण वापसी हो।

अरविंद चौधरी ने कहा कि जनता केवल दिखावटी छूट नहीं, बल्कि पूरी राहत चाहती है। उन्होंने महापौर से स्पष्ट मांग की कि अतिरिक्त बोझ तत्काल खत्म किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस मुद्दे पर गाज़ियाबाद की जनता के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और निगम प्रशासन को जनता की आवाज सुननी ही होगी।

# डॉ. अनिल अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से की शिष्टाचार भेंट



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी यूनिवर्सिटी गाज़ियाबाद के कुलाधिपति एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से उनके दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी 2.0 के सफल क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि इससे देशभर में जीएसटी बचत उत्सव का माहौल है। उन्होंने विशेष रूप से गाज़ियाबाद के एमएसई और लघु उद्योग वर्ग को होने वाले लाभ पर चर्चा की और बताया कि बड़ी बिक्री के साथ-साथ कम टैक्स का सीधा फायदा व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को मिल रहा है। डॉ. अनिल अग्रवाल ने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री का आभार जताया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री के जीएसटी 2.0 फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए डॉ. अग्रवाल से कहा कि इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाना जरूरी है, ताकि हर वर्ग इसका लाभ ले सके। भेंट के दौरान राहुल गोयल भी उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से टूटा रेलवे फाटक, मरम्मत के कारण दिल्ली-मेरठ मार्ग जाम

**मोदीनगर करंट क्राइम।** नगर के हापुड़ रोड स्थित रेलवे क्रासिंग बैरियर से रविवार की सुबह अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। इससे बैरियर क्षतिग्रस्त हो गया। बैरियर की मरम्मत कार्य के कारण दिल्ली-मेरठ मार्ग और हापुड़ मार्ग पर भीषण जाम लग गया। लगभग छह घंटे से अधिक समय तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को मिनटों का सफर तय करने में घंटों गंवाने पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हापुड़ रोड पर राज चौपला स्थित रेलवे क्रासिंग बैरियर रविवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त हो गया। विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त बैरियर का मरम्मत कार्य शुरू किया गया। मरम्मत कार्य के दौरान ट्रेनों की आवाजाही के लिए यातायात रोकने के लिए लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। इस दौरान लगातार कई ट्रेन गुजरने और वैकल्पिक व्यवस्था के कारण दिल्ली-मेरठ मार्ग जाम की चपेट में आ गया। कुछ ही देर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लग गया। अंबर सिनेमा और सौंदा यू-टर्न पर भी वाहन फंस गए। इससे मेरठ की तरफ जाने वाली साइड में भी वाहनों की लंबी कतार लग गई। रविवार सुबह सात बजे से जाम लगना शुरू हुआ जो दोपहर लगभग एक बजे तक जारी रहा। लगभग छह घंटे तक राहगीर जाम से जूझते रहे। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि यातायात नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात थे।

# संकल्पसिद्धि फाउंडेशन के दुर्गा पूजनोत्सव में कालरात्रि पूजा की धूम







**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** संकल्पसिद्धि फाउंडेशन द्वारा आयोजित चतुर्थ दुर्गा पूजनोत्सव 2025 के अंतर्गत आज नवरात्रि के आठवें दिन, अश्विन शुक्ल सप्तमी को माँ दुर्गा के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की पूजा वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान परंपरागत नवपत्रिका प्रवेश पूजा भी की गई, जिसमें माता के नौ रूपों का आह्वान किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर माँ के दर्शन का लाभ उठाया। संध्या आरती के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन का शुभारंभ संकल्पसिद्धि फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव झा, गाज़ियाबाद के अपर पुलिस आयुक्त (डीआईजी) केशव कुमार चौधरी एवं समाजसेवी निधि विश्वकर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य विषय 'देशभक्ति' रहा। प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीतों और नृत्यों के माध्यम से अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का संस्था द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण एयरफोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र चौबे के नेतृत्व में पूरी एयरफोर्स टीम की जोशपूर्ण प्रस्तुति रही, जिन्होंने तिरंगा लेकर एक अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देख उपस्थित जनसमूह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने इस वर्ष पूजा स्थल पर बनाए गए ऑपरेशन सिंदूर सेल्फी प्वाइंट की भी विशेष सराहना की, जो लगातार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस सफल आयोजन में संस्था के बिंदु शेखर, दयानन्द झा, गिरीश ठाकुर, गोपाल सिंह, दीपांश मित्तल, सुधांशु सिंह, सुजीत झा, सतेंद्र श्रीवास्तव, एस एम मिश्रा, धीरज, अदिति एवं शैकरो लोगों की उपस्थिति रही।




## महिला अधिकारियों का बज रहा है डंका

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों मिशन शक्ति का अभियान चल रहा है। रोजाना पुलिस की महिला अधिकारी और उनकी टीमें लगातार अपनी मेहनत और कार्य शक्ति का प्रदर्शन कर रही हैं। तो महिला अधिकारियों का उनकी मेहनत की वजह से डंका भी बज रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देहात जोन की जहां दो महिला अधिकारी छाई हुई हैं। तो सिटी जोन में चार्ज लेने वाली महिला अधिकारी भी लगातार नए कीर्तिमान बना रही हैं। कभी महिलाओं की पुलिस टीम का पहला हाफ एनकाउंटर हो रहा है। तो पिंक बूथ टीम के साथ घटना खोली जा रही हैं। तो वहीं देहात जोन वाली मैडम भी मिशन शक्ति के तहत लगातार डंका बजाने का काम कर रही हैं। कुल मिलाकर इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला अधिकारियों का दबदबा नजर आ रहा है। तो वहीं कुछ ही पुरूष पुलिस अधिकारी इन दिनों टीआरपी में टॉप पर हैं वरना सब साइलेंट वाले मोड पर आ गए हैं। उधर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मिशन शक्ति के अभियान का कमिश्नरेट और कई अन्य जिलों में असर देखने को मिल रहा है ,उसकी चर्चा लखनऊ और पुलिस के अधिकारियों के बीच भी जमकर हो रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नर की प्लानिंग और उनके अधीनस्थों द्वारा उसका अमल करना पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की टीआरपी और छवि हो सुधारने का काम कर रहा है। कुल मिलाकर देखना होगा कि लगातार महिला सशक्तिकरण का डंका बजाने वाली गाजियाबाद पुलिस की लेडी ब्रिगेड को क्या ईनाम मिलता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में हर जोन में जहां महिला एसीपी स्तर की अधिकारियों की ठीक संख्या है। तो वहीं सिटी और देहात वाले जोन में एक-एक थाने पर महिला कोतवाल भी हैं। वहीं पिंक बूथ भी जमकर हैं। बीते कुछ दिनों में जिस तरह से गाजियाबाद पुलिस की महिला टीम की बदमाशों के साथ एंकाउंटर वाली तस्वीरें आ रही हैं, उससे मामला हाई बना हुआ है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में किसी महिला एसीपी स्तर की अधिकारी को गिफ्त पोस्टिंग के रूप में भी मिल सकता है। ऐसी चर्चा सुनाई दे रही हैं। वहीं दशहरा के बाद फिर कुछ फेरबदल वाले बादल छाने की प्रबल संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है।




## करणी सेना हरिगढ़ द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन





**हरिगढ़, करंट क्राइम।** करणी सेना हरिगढ़ इकाई द्वारा आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप सिंघल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक कुमार तोमर सहित करणी सेना की राष्ट्रीय टीम का आगमन हुआ। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर करणी सेना हरिगढ़ की ओर से सभी आगंतुक पदाधिकारियों एवं सदस्यों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया। आयोजकों ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन से इस शस्त्र पूजन कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्राप्त हुआ है। समस्त कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य और प्रेरणादायी बना दिया।

# पिलखुवा नगर पालिका परिषद में मुख्यमंत्री योगी ने 'उत्तर प्रदेश 2047:समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान' पर किया वर्चुअल संवाद





**पिलखुवा, करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'उत्तर प्रदेश 2047 : समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान' के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल संवाद किया। इस अवसर पर नगर पालिका सभासद शिवकुमार शर्मा, नरेश भारती, अजय कुमार, डॉ. राजेश कुमार, सत्तार, सचिन पुंडीर, पवन चौधरी, यादराम कोरी, नफीस, जहीरूद्दीन सहित अनेक सभासद एवं नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश 2047 महाअभियान राज्य के सर्वांगीण विकास का संकल्प है। पिलखुवा नगर पालिका इस अभियान को जनसहभागिता के साथ सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वच्छता, आधारभूत संरचना, जल संरक्षण, हरियाली और डिजिटल सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में नगर पालिका निरंतर कार्य करेगी। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में पिलखुवा को प्रदेश की अग्रणी नगर पालिकाओं में शामिल किया जाए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न नगरों से जुड़े प्रतिनिधियों से संवाद किया और आगामी 25 वर्षों में उत्तर प्रदेश को विकसित भारत का अग्रणी राज्य बनाने के लिए आवश्यक नीतियों एवं योजनाओं की रूपरेखा साझा की।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के युवा नेताओं ने सोमवार को दिल्ली में श्री सिद्ध शक्तिपीठ शनि धाम में पूजा अर्चना की। भाजपा नेता राहुल गिरी गोस्वामी ने पूजा अर्चना के इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# राजकुमार गोयल इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी एण्ड मैनेजमेन्ट में अरूनिमा 2025 फ्रेशर पार्टी का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आर0के0जी0आई0टी0एम0 गाजियाबाद में सोमवार को अरूनिमा 2025 फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। जिसका विधिवत उदघाटन संस्थान के वाईस चेयरवूमन आंचल गोयल, ग्रुप एडवाईजर डॉ0 लक्ष्मण प्रसाद, डायरेक्टर डॉ0 राकेश गोयल, डीन स्टुडेंट वेलफेयर हरि गोपाल गर्ग, डीन एकेडमिक्स प्रो0 मनोरमा शर्मा, कैप्टन (डॉ0) दिनिषा भारद्वाज सिंह डायरेक्टर प्रिंसिपल आर0के0जी0 ग्लोबल स्कूल, द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जलित कर किया गया। संस्थान की वाईस चेयर वूमन आंचल गोयल द्वारा सभी छात्र एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और उन्होने प्रथम वर्ष के छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब आप स्कूल से कालिज का सफर तय करेगें तो आपको कई सारे अवसर प्राप्त होगे जैसे कालेज फेस्ट, टैक्नीकल प्रोजक्टस, अच्छा रोजगार अवसर के अवसर आदि।

इस अवसर पर संस्थान के द्वितीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने रंगारग कार्यक्रम, रैम्प वॉक एवं नृत्य कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम मिस्टर एण्ड मिस फ्रेषर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं का चयन इस प्रकार हआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ0 आभा वत्स, मिस खुशबू पाण्डे, प्रॉक्टर डॉ0 अरूण कुमार पाण्डेय, मि0 संदीप सिंह, मिस निधि गर्ग, मि0 मनीष श्रीवास्तव आदि सभी विभागाध्यक्ष, फैकल्टी एवं स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं, फैकल्टी एवं स्टॉफ का योगदान रहा। कार्यक्रम के अन्त में डॉ0 आभा वत्स ने सभी छात्र एवं छात्राओं को अत्यधिक मेहनत करके संस्थान को गौरवान्वित करने के लिये प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# तुलसी निकेतन आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी बैठक में जीडीए के रि-डेवलपमेंट प्लान पर चर्चा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** तुलसी निकेतन आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कुलदीप कसाना ने कार्यकारिणी के साथ बैठक की जिसमे जीडीए द्वारा प्रस्तावित रि-डेवलपमेंट प्लान पर चर्चा हुई। बैठक में सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद रहे और जीडीए अधिकारियों द्वारा की जा रही रि-डेवलपमेंट कार्यवाही की कार्य शैली पर विरोध जताया। बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा हुई, जो 10 मांगों वाला मांग पत्र आरडब्ल्यूए द्वारा सचिव को ज्ञापन सौंपा था, वह सारी मांगे मानी जाएं। कोई मकान खाली नहीं करेंगे, पहले हमें खाली भूमि पर भवन बनाकर सभी को दिए जाएं या हमें लिखित में अलॉटमेंट या रिजर्वेशन लेटर दिया जाए, जब तक रि-डेवलपमेंट संबंधित प्रक्रिया शुरू न हो, कॉलोनी में साफ-सफाई नियमित रूप से सुचारू हो। जीडीए अपने प्लान का ब्लूप्रिंट आरडब्ल्यूए एवं कॉलोनीवासियों के सामने रखें, उसके बाद कोई कार्रवाई शुरू की जाए। जिन भवन मालिकों पर जीडीए की किस्तों की धनराशि बकाया है, वह धनराशि ब्याज मुक्त जमा कराई जाए। आंदोलन की चेतावनी:बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि जीडीए अधिकारी मांगें नहीं मानते हैं तो प्राधिकरण के खिलाफ धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल करेंगे। इसके अलावा, निगरानी समिति का गठन करने का भी निर्णय लिया गया, जिसमें माननीय सांसद, विधायक और कॉलोनी की आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इन अवसर पर अध्यक्ष कुलदीप कसाना महासचिव बलवंत रावत राकेश गोयल पवन बब्बर रामसेवक अग्रवाल सुभाष राहुल गौतम किशन रावत बलवंत बिष्ट किशन सिंह मुश्ताक अली महादेव कौशिक माया देवी विमल मंजू देवी नफीस राजेंद्र कुमार राजेश चड्ढा मनोज कुमार रियाज आलम जगदीश चंदन बिष्ट जेके बबलू रोहित जोशी अंसार अहमद आनंद रावत विपिन पांडे संजय शर्मा भोपाल सिंह सुभाष भदोरिया कांची सिंह आशीष सक्सेना राजेंद्र कुमार राकेश शर्मा हर देवी अनु देवी कपिल सक्सेना सत्येंद्र कांत शाहिद आदि लोग मौजूद रहे।

## ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्पे-डिएम फ्रेशर्स-डे 2025 का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज में शनिवार को कार्पे-डिएम फ्रेशर्स-डे 2025 का भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन सीनियर्स द्वारा जूनियर्स का स्वागत करने और उन्हें ए.बी.ई.एस. परिवार का हिस्सा महसूस कराने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो० (डॉ०) अमृता ज्योति द्वारा की गई। इस अवसर पर ए.बी.ई.एस. कॉलेज के जनरल सेक्रेटरी शाश्वत गोयल ने कहा कार्पे-डिएम फ्रेशर्स-डे 2025 हमारे लिए केवल एक उत्सव नहीं बल्कि नए छात्रों के सपनों और संभावनाओं को उड़ान देने का मंच है। ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो० (डॉ०) देवेंद्र कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा कार्पे-डिएम फ्रेशर्स-डे 2025 हमारे नए छात्रों का ए.बी.ई.एस. परिवार में स्वागत करने का एक सुंदर अवसर है। इस पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रो. (डॉ.) अमिता त्रिपाठी (डीन छात्र कल्याण), प्रो. (डॉ.) आर. आर. पांडा और संजय पराशर का विशेष योगदान रहा।





## राजेंद्र नगर गोलपार्क में दशरथ मरण और भरत मिलाप का मार्मिक मंचन, हजारों दर्शक हुए भावुक



गाजियाबाद, करंट क्राइम। रामलीला मैदान गोल पार्क राजेंद्र नगर साहिबाबाद में दशरथ मरण भरत आगमन भरत मनावन की अति सुंदर लीला का मंचन हुआ जिसमें आदर्श बृजवासी विप्र रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडल मथुरा के द्वारा अभिषेक शर्मा श्रीराम, यश शर्मा लक्ष्मण, मनीषा जानकी एवं भीम सिंह दशरथ के स्वरूप में मनोज पंडित के दिशा निर्देशन में आरती गहलोत भारती एवं नेहा सभी कलाकारों ने बहुत ही सुंदर स्वरूप में लीला का मंचन किया लोगों ने लीला का भरपूर आनंद उठाया तथा रामलीला का मुख्य आकर्षण का केंद्र छोटे बड़े झूले एवं चटपटे स्टॉल का भी आनंद लोगों ने लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चुन्नीलाल बरेजा, मुख्य संरक्षक संपत कुमार किला रहे। मुख्य संयोजक एसपी सिंह ने बताया कि इस वर्ष की रामलीला बहुत ही सुंदर की जा रही है लोगों को आकर्षित कर रही है। हजारों की संख्या में लोग रात तक बैठकर रामलीला का आनंद ले रहे हैं। जगह-जगह से लोगों के मैसेज भी बधाई देने के लिए आ रहे हैं की बहुत ही सुंदर रामलीला गोलपार्क में हो रही है। अध्यक्ष रमाकांत पांडे महामंत्री राम झा, सत्येंद्र परिहार, राकेश सूद, सुरेंद्र भारती, के के दुबे, धर्मेंद्र दुबे, राजेश शर्मा, संरक्षक कुसुम सिंह, सोनू मिश्रा, चंदन झा, भूपेंद्र मेहता, ललित मिश्रा, संजय सिंह, गंगा सिंह, नादिर अली, अजय कुमार, दिलीप गुप्ता, कन्हैया आदि समिति के लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारी पर पूरे ग्राउंड पर उपस्थित रहते हैं। पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। रात तक पूरे ग्राउंड पर घूमते रहते हैं देखभाल करते रहते हैं जिससे लोगों में वह व्याप्त रहता है महिला पुलिस भी पूरे समय ग्राउंड पर उपलब्ध रहती है।

# महापौर, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने लिया मिशन शक्ति के कार्यक्रम में भाग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्राइस्ट यूनिवर्सिटी मरियम नगर, नंदग्राम में मिशन शक्ति प्रोग्राम 5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण से जुड़ा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुनीता दयाल उपस्थित रहीं। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन को केंद्रित करते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़ा संदेश भी साझा किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल हुईं। करीब 200 छात्राओं और महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बनाया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शहर विधायक संजीव शर्मा और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा और शिक्षा को समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी बताया। पुलिस प्रशासन से एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर आलोक प्रियदर्शी, एडिशनल सीपी हेड क्वार्टर केशव कुमार चौधरी, डीसीपी नगर धवल जायसवाल, एसीपी नंदग्राम उपासना पाण्डेय, एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी तथा एसएचओ नंदग्राम मौजूद मौजूद रहे।










## लाजपत नगर गुरुद्वारे में अधिवक्ता हरप्रीत सिंह जग्गी को समाज सेवा के लिए नवाजा गया पद्म श्री अवार्ड



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, लाजपत नगर में एक विशेष 'शुक्राना समागम' का आयोजन किया गया, जहाँ समाज के प्रति निष्काम सेवाओं के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता और समाज सेवी, सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी एडवोकेट को सम्मानित किया गया। यह समागम सरदार रमन दीप सिंह अहलूवालिया और गुरप्रीत सिंह द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर, सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी एडवोकेट को पद्म श्री अवार्ड से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान जीतेंद्र सिंह शंटी और गाजियाबाद सिख गुरुद्वारा प्रबंध समिति के प्रधान सरदार मंजीत सिंह द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें कंवलजीत सिक्का, गगन अरोड़ा, जगतार सिंह भट्टी, जोगिंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, मनमोहन सिंह सहित विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रतिनिधि शामिल थे। सभी उपस्थित लोगों ने सरदार जग्गी की समाज सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की और उन्हें बधाई दी। यह सम्मान सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी के अथक प्रयासों और समाज के कल्याण के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करता है। यह आयोजन सिख समुदाय और व्यापक समाज के लिए उनकी प्रेरणादायक भूमिका का प्रमाण है।

## हनुमान भक्त मंडली श्री रामलीला में पार्षद कविता भाटी ने सांसद अतुल गर्ग का किया स्वागत






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हनुमान भक्त मंडली श्री रामलीला कमेटी द्वारा लालचंद स्कूल प्रांगण में आयोजित भव्य रामलीला महोत्सव का आज द्वितीय दिवस अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। मंचन का शुभारंभ मंगलाचरण एवं आरती से हुआ। इसके पश्चात दर्शकों ने श्रीराम द्वारा ताड़का वध एवं सीता स्वयंवर उपरांत के प्रसंगों का सजीव मंचन देखा। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति और भावपूर्ण संवादों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित श्रेष्ठालुओं ने भावविभोर होकर जयकारों से गूंजते रहे और पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कल की अपेक्षा आज दर्शकों की संख्या और अधिक रही तथा पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा दिखाई दिया। क्षेत्रवासियों के साथ-साथ महिलाएँ, बच्चे एवं बुजुर्ग भारी संख्या में इस आयोजन में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर गाज़ियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, पूर्व विधायक एवं एमएलसी सुरेश कश्यप श्याम शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने रामलीला मंचन की सराहना करते हुए इसे समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना जगाने वाला बताया। सांसद अतुल गर्ग ने इस अवसर पर रामलीला की प्रशंसा करते हुए कहा कि डिजिटल युग में इतनी हाई-टेक रामलीला देखना अत्यंत हर्षजनक है और यह देखकर मन खुश हो गया कि लोग यहाँ बड़े आराम से बैठकर आनंद ले रहे हैं। समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से समय पर पधारकर रामलीला का लाभ उठाने की अपील की है। इस अवसर पर वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीन भाटी एवं समिति के अध्यक्ष अशोक गुप्ता और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पार्षद कुसुम गोयल ने किया कौशांबी सेंट्रल पार्क में फुटपाथ पर लाइटों का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी सेंट्रल पार्क में पार्षद कुसुम गोयल के प्रयासों से नगर निगम द्वारा 32 लाइटें फुटपाथ पर लगाई गई हैं, जिसका शुभारंभ करवा के अध्यक्ष अजीत सिंह एवं प्लॉट एरिया के जनरल सेक्रेटरी चंद्र प्रकाश जी द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। पार्षद द्वारा वरिष्ठ जनों का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। पार्षद ने महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार प्रकट किया।

पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल ने बताया कि क्षेत्र में निरंतर विकास के कार्य चल रहे हैं और जल्दी ही मुख्यमंत्री ग्रेड योजना के अंदर कौशांबी में कार्य होने वाले हैं।

बड़ी संख्या में क्षेत्र के जागरूक निवासियों ने इस शुभारंभ में भाग लिया, जिसमें प्रमुख रूप से प्लॉट एरिया के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, समाजसेवी सुनील गांधी, पप्पू चौपाल, राकेश जकेतिया, गौरव वर्मा, रवि शर्मा, पवन गुप्ता और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस आयोजन ने क्षेत्र के निवासियों को एक साथ आने और विकास कार्यों का जश्न मनाने का अवसर प्रदान किया। पार्षद कुसुम गोयल के प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल रही है और निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

# जय बद्री केदार रामलीला समिति में हनुमान और सीता की भेंट का मार्मिक मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जय बद्री केदार रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में श्री राम द्वारा बाली वध के बाद लक्ष्मण पंपापुरी जा कर सुग्रीव का राज्याभिषेक करते हैं और अंगद को युवराज बनाते हैं। बहुत समय बीतने पर भी जब माता सीता का कोई पता नहीं चलता है तो राम हनुमान को सीता की सुधि लेने भेजते हैं।

हनुमान सीता जी को ढूंढते ढूंढते लंका में पहुंच जाते हैं जहां उनकी भेंट विभीषण से होती है। विभीषण हनुमान को बताता है कि सीता जी को रावण ने अशोक वाटिका में बंदी बना कर रखा हुआ है। हनुमान अशोक वाटान अशोक वाटिका में पहुंचते हैं और माता सीता से भेंट करते हैं। सीता हनुमान को चूड़ामणि देती हैं और कहती हैं हे पवनपुत्र तुम स्वामी राम से कहना कि मुझे शीघ्र ही यहां से ले जाएं। इसके बाद हनुमान लगे फलों को खाने लगते हैं जिसे देख कर राक्षस उन्हें फल खाने से रोकते हैं। इससे क्रोधित हनुमान सारी अशोक वाटिका को तहस नहस कर देते हैं। राक्षस उनसे युद्ध करने लगते हैं जिसमें रावण का पुत्र अक्षय कुमार मारा जाता है। रावण मेघनाद को अशोक वाटिका में भेजता है और हनुमान को रावण दरबार में लाने को कहता है। मेघनाद हनुमान को बंदी बना कर दरबार में लाता है। हनुमान और रावण के मध्य संवाद होता है और अंत में रावण हनुमान की पूछ में आग लगवा देता है जिससे महावीर हनुमान सारी लंका नगरी को जला कर खाख कर देते हैं। इस अवसर पर संरक्षक व पूर्व पार्षद मीना भंडारी, अध्यक्ष बलदेव भंडारी, उपाध्यक्ष जगपाल रावत, सुभाष नौटियाल, सचिव शंभु नैलवाल, विनोद रावत, उर्मिला बर्तवाल, कोषाध्यक्ष मान सिंह रावत और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लंका दहन : श्री आदर्श रामलीला कमेटी भोपुरा की प्रस्तुति





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी भोपुरा के तत्वावधान में आयोजित श्री रामलीला मंचन में लंका दहन का रोमांचक दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष विनोद कसाना, ओमेंद्र कसाना, पार्षद ब्रह्मपाल चंदेला, बॉबी मंत्री, अशोक दरोगा, विनोद कुमार, रिंकू, जय कसाना, महेश खटिक, सन्नी, गणेश शर्मा, देवीराम कसाना आदि उपस्थित रहे।

लंका दहन के दृश्य में हनुमान जी द्वारा लंका को आग लगाने का मार्मिक और रोमांचक मंचन किया गया। इस दृश्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी ने जय श्री राम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

श्री आदर्श रामलीला कमेटी भोपुरा द्वारा आयोजित इस रामलीला मंचन में कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कमेटी के ब प्रयासों से यह रामलीला मंचन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया और क्षेत्र के लोगों को एक शानदार आयोजन का अवसर मिला।

रामलीला का यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। इस आयोजन ने क्षेत्र के लोगों को एक साथ आने और भगवान राम की कथा का आनंद लेने का अवसर प्रदान किया।

**कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर गाजियाबाद।**

पत्रांक 963/न0पा0प0खो0/ई-निविदा/2025 दिनांक: 29 सितम्बर, 2025

**ई प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर हेतु नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर के ग्राम निडौरी, गाजियाबाद में स्थित 90 टी0पी0डी0 के म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट हेतु मीटर रूम का निर्माण कार्य एवं निकाय के वार्ड न0-01 से वार्ड न0-34 तक विभिन्न स्थानों पर नाली, आर0सी0सी0 पुलिया, सी0सी0 रैम्प, सी0सी0 टाईल्स व एम0एस0 चैनल आदि का मरम्मत कार्य हेतु ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक: 30.09.2025 की प्रातः 10:00 बजे से 17.10.2025 के अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक: 17.10.2025 के मध्यान्हः 12:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। टैण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्ते जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No-957/न0पा0परि0खो0/ई-निविदा/2025 दिनांक: 29 सितम्बर 2025 |
| Publish and Time for RFP | 30.09.2025 को प्रातः 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 17.10.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 17.10.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Khora-Makanpur, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Document Processing | As per Tender list. |

(अनुज गोयल) अवर अभियन्ता (सिविल)
(अभिषेक कुमार) अधिशासी अधिकारी
(मोहिनी शर्मा) अध्यक्ष

# धूमधाम से मनाया गया एमएलसी दिनेश गोयल का जन्मदिन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल का जन्मदिन उनके समर्थकों शुभचिंतकों ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सभी ने उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की।

# हाउस और कमर्शियल टैक्स में बढोत्तरी के खिलाफ व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** नगर निगम की ओर से डीएम सर्किल रेट के हिसाब से हाउस टैक्स में बढोत्तरी के विरोध में महानगर उद्योग व्यापार मंडल से जुडे व्यापारियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा जिसमें गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में बेताहाशा बढोत्तरी करने का विरोध किया गया।

महानगर उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोपीचंद ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम बोर्ड बैठक में आवासीय व व्यावसायिक टैक्स में अत्यधिक वृद्धि को निरस्त करने के बाद भी उसे लागू किया गया। गाजियाबाद नगर निगम की ओर से आवासीय एवं व्यवसायिक करों मे 300 से 400 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी गई है। जिसका महानगर उद्योग व्यापार मंडल, गाजियाबाद के नागरिकों व नगर निगम के जनप्रतिनिधियों ने बढे हुए टेक्स का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस विरोध को देखते हुए दिनांक 09 अक्टूबर, 2024 को सदन की बैठक हुई जिसमें प्रस्ताव संख्या 54 के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया लेकिन नगर निगम के उच्च अधिकारियों ने इसे नहीं माना और गाजियाबाद नगर निगम के उच्च अधिकारियों द्वारा अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए बढ़े हुए टैक्स के नोटिस और बिल भेजने प्रारंभ कर दिए।

महानगर व्यापार मंडल के महानगर महामंत्री अशोक चावला ने कहा कि 07 जनवरी, 2025 को बोर्ड बैठक हुई जिसमें दिनांक 09 अक्टूबर, 2024 की कार्यवाई की पुष्टि की गई लेकिन बढ़ी हुई दरों के प्रस्ताव को अनुचित तरीके से पास दिखा दिया गया। 30 जून 2025 को सदन की पुनः बैठक हुई जिसमें सांसद अतुल गर्ग, मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा, विधायक दिनेश गोयल और महापौर सुनीता दयाल और सभी पार्षदों ने जनता के हितों को देखते हुए एवं निगम की नियमावली के विरुद्ध उस प्रस्ताव को निरस्त करते हुए यह निर्णय लिया कि संपत्ति करों में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। इसकी पुष्टि स्वयं महापौर सुनीता दयाल ने प्रकाशित खबरों में की थी। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत नगर निगम के उच्च अधिकारियों द्वारा फिर से बढ़े हुए हाउस टैक्स के नोटिस व बिल जनता को भेज दिए गए और बढ़े हुए हाउस टैक्स के साथ बिल जमा कराना प्रारंभ करवा दिया गया।

प्रदर्शन में चेयरमैन ब्रिज मोहन सिंघर, अध्यक्ष गोपीचंद, महामंत्री अशोक चावला, सुनील गोयल, राजदेव त्यागी, पवन शर्मा, सुधीर गोयल, अनुराग गर्ग, संजय गर्ग, राकेश वावेजा, संजीव मित्तल, सुधीर गोयल, संदीप गर्ग, विकास अग्रवाल, मनोज गर्ग, विपिन गोयल, पंकज गुप्ता, वसीम अली, अमित मदान, डॉ हरीश शर्मा, हितेंद्र शर्मा, प्रदीप गर्ग, संजीव गुप्ता, सुधीर चौधरी आदि उपस्थित थे।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दुर्गा पूजा और रामलीला कार्यक्रमों में की शिरकत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और विधायक साहिबाबाद सुनील कुमार शर्मा ने इंदिरापुरम के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित दुर्गा पूजा और रामलीला कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि और रामलीला जैसे आयोजन हमारी सनातन संस्कृति और भारतीय परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि माँ दुर्गा की साधना हमें यह संदेश देती है कि असत्य और अधर्म पर सदैव सत्य और धर्म की विजय होती है। रामलीला का मंचन हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों, त्याग, मयार्दा और न्यायप्रियता का स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला, अनिल तोमर, पार्षद अभिनव जैन, पार्षद अनुज त्यागी, पार्षद संजय सिंह, पार्षद हरीश काराकोटी, पार्षद राजकुमार भाटी, पार्षद मीना भंडारी और अन्य गणमान्य नागरिक।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने माँ दुर्गा से प्रार्थना की कि वे सभी पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें और प्रदेश और देश को उन्नति व समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर करें।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एमएलसी दिनेश गोयल के बर्थडे पर देखा मैंने गजब का पंच? बिन बुलाये ही इतने लोगों ने पहुंच कर बधाई दी? सोचो भीड़ का आलम क्या होता अगर उन्होंने रख दिया होता लंच? कहने वाले ने कहा मिलनसार है शुरू से उनकी अदा? इसलिए नहीं रहना चाहता है कोई उनसे जुदा? हम यूं ही नहीं कह रहे हैं ये बात? ऐसा जलवा है हमें उनके बर्थडे पर दिखा?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गौतम भैया के बदले हुए अवतार को देखकर हम हैं बहुत ज्यादा हैरान? लगता है साहब हो गये हैं उन पर मेहरबान? हम देख रहे हैं वो साहब की हर पोस्ट पर कर रहे हैं वाह-वाही वाले गुणगान? ऐसा लग रहा है उनके मौहल्ले की तमाम समस्याओं का साहब ने निकाल दिया है समाधान? उनकी अदाओं को देखकर लग रहा है उन्होंने अपनी तरकश में वापस रख लिये हैं तीर? नहीं तो एक समय ऐसा था, उनके तेवर दिख रहे थे बहुत ही गंभीर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कोई फर्क नहीं पड़ता अलबत्ता? ऐसा एहसास करा रहे हैं नदिया पार के भगवा मेहंदीरत्ता? हमने देखा उन्होंने पीएम को बधाई देने वाला होर्डिंग बनाया है बहुत ही हाईफाई? पीएम और अपने फोटो के अलावा उन्होंने किसी भगवा चेहरे को नहीं दिया है स्थान? साथ ही अपने मंडल वाली टीम की भी पूरी कर दी है विदाई? कहने वाले ने कहा भगवागढ़ की राजनीति में इतना बड़ा रिस्क लेते हुए हमने इससे पहले किसी को नहीं देखा है भाई?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैम्बरों के ग्रुप से निकल कर आई है एक बात बाहर? छूट वाली बात पर कर रहे थे सब गंभीरता से विचार? कह रहे थे हमें ये बात नहीं हो रही है क्लीयर? ये जो 20 परसेंट वाली मेहरबानी हुई है? वो पुराने पर है या नए वाले पर है डियर? कहने वाले ने कहा आप क्यों खड़ी कर रहे हो इतनी कन्फ्यूजन? पहले तो लड़ रहे थे टैक्स कम कराने की लड़ाई? अब छूट पर ही आपका फोकस आ गया है डियर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको दे रहे हैं गजब की जानकारी? भगवा योद्धा का अगला मूवमेंट कौन सा होगा, इस बात की नहीं लगती है उनके खास चेहरों को भी जानकारी? इस बात का हमें तब मिला सबूत? जब गोयल साहब के बर्थडे पर भारद्वाज और चौपड़ा थे मौजूद? उनसे किसी ने मांगा योद्धा के बर्थडे पर आने का सबूत? दोनों ने जानकारी नहीं होने की कही बात? दोनों के एक्सप्रेशन देखकर स्पष्ट हो रहा था कि उन्हें नहीं है योद्धा के अगले मूवमेंट का एहसास?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गोयल साहब के बर्थडे पर देखते ही बन रहा था तिकड़ी वाले त्यागी जी का पूर्व अध्यक्ष शर्मा जी के लिए प्यार? वो शब्दों से बार बार उनके किरदार को रहे थे निखार? कर रहे थे बहुत ज्यादा उनकी और उनके कार्यकाल की बढ़ाई? ये नजारा देखते ही बन रहा था भाई? वैसे भी त्यागी जी बहुत भले हैं? हमने आज तक नहीं सुनी है उनके मुख से किसी की भी बुराई?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा भारद्वाज मौका मिलता है तो मार ही देते हैं कोई ना कोई चोट? गोयल साहब के बर्थडे पर उन्होंने करा दिया एहसास कि जब आप पिछली बार चुनाव लड़े थे तब हमने भी डलवाये थे वोट? 80 वोट अपने यहां से डले, 80 में से 80 वोटों का उन्होंने कराया एहसास? उनके जज्बात देखकर लग रहा था इस बार ये आंकड़ा 10 गुना हो जायेगा साहब?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक विधायक जी ने कभी मारा था भगवा त्यागी जी को ताना? वो बोले थे कि तुम बंद कर दो इधर की बात उधर और उधर की बात इधर बताना? अब सोचकर तैयार करो अपनी राजनीति का खाका? क्योंकि जो चल रहे हैं हालात? उसमें कुछ खास नहीं कर पायेंगे तुम्हारे ऊपर वाले आका? कहने वाले ने कहा भला ऐसे कौन मारता है किसी के अरमानों पर इस तरह का डाका?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप क्यों करते हो हमेशा पूर्व वालों को ब्लेम? मौजूदा वालों का भी तो अंदाज है उन्हीं की तरह सेम? वो भी अपने खास चेहरे को लेकर चलते थे साथ? कुछ ऐसा ही है मौजूदा वालों का भी अंदाज? बात को इतने में ही समझा दो? ज्यादा खोलोगे तो हो सकता है कोई नाराज?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि धीरे-धीरे ठीक हो रही है साहब से अधिकतर मैम्बरों की बात? मगर अभी दो मैम्बर ऐसे हैं जिनके हैं पुराने वाले ही अंदाज? मिस्टर सैफी और गोयल की अभी भी नहीं हुई है बात ठीक? हमने जमीनी स्तर से निकाली है ये जानकारी जो है बिल्कुल 16 आने ठीक?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भाजपा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजन हुए लाभान्वित : लक्ष्मी कांत बाजपेई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत विकास भवन प्रांगण, कलेक्ट्रेट राजनगर में दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद लक्ष्मी कांत बाजपेई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल,पूर्व महापौर आशु वर्मा, विधायक संजीव शर्मा उपस्थित रहे।

राज्यसभा सांसद लक्ष्मी कांत बाजपेई ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से आरंभ हुआ यह सेवा पखवाड़ा अभियान समाज के हर वर्ग तक सेवा और सहयोग का संदेश पहुंचा रहा है। दिव्यांगजन हमारे समाज की शक्ति हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु भाजपा संकल्पित है।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा सेवा पखवाड़ा अभियान प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में चलाया जा रहा है। गाजियाबाद महानगर भाजपा ने संकल्प लिया है कि सेवा की इस शृंखला को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। प्रशासन द्वारा दिव्यांग भाइयों-बहनों को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराना इसी सेवा संकल्प का हिस्सा है।

ट्राइसाइकिल पाकर दिव्यांगजन प्रसन्न दिखे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि यह सहयोग उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक बड़ी मदद है।

कार्यक्रम में हुंडई वाइस प्रेसिडेंट पुनीत आनंद, हुंडई डायरेक्टर ली, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं भाजपा पदाधिकारी क्षेत्रीय सुशासन संयोजक तरुण शर्मा, प्रदीप चौधरी, राम त्यागी, बलराम रावल आदि उपस्थित रहे। ट्राइसाइकिल वितरण में हुंडई कंपनी का सहयोग रहा, जिसने सेवा पखवाड़ा अभियान को गतिशील बनाने में योगदान दिया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# पीएम मोदी के ट्वीट के जवाब में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी का फिर झूठा दावा



**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। यह जीत भारतीय टीम के लिए जश्न का पल होना चाहिए था, लेकिन पोस्ट-मैच समारोह विवाद का केंद्र बन गया। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी ने भारतीय खिलाड़ियों को ट्रॉफी और विजेता मेडल लेने से रोक दिया। भारतीय टीम ने पहले ही एलान कर दिया था कि खिलाड़ी नकवी के हाथ से ट्रॉफी नहीं लेंगे।

इस फैसले का सम्मान करने के बजाय नकवी बेशर्मों की तरह स्टेज पर ही खड़े रहे और फिर ट्रॉफी लेकर वहां से होटल निकलते बने। नकवी की बेशर्मी की हद तब पार हो गई, जब उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बधाई वाले ट्वीट पर फिर से झूठ बोला। दूसरों को खेल और राजनीति से नहीं जोड़ने की सलाह देने वाले नकवी खुद ही मामले को राजनीतिक बनाते दिखे हैं।

## भारत ने नकवी के हाथ से नहीं ली ट्रॉफी

भारत ने नकवी को पाकिस्तान प्रतिनिधि के रूप में देखते हुए ट्रॉफी लेने से इनकार किया। एसीसी अधिकारियों ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की और सुझाव दिया कि पुरस्कारों की प्रस्तुति एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी करें, लेकिन नकवी ने ऐसा नहीं होने दिया। लगभग एक घंटे तक चले तनाव के बाद आयोजकों ने चुपचाप ट्रॉफी ले ली, जबकि व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी जैसे तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा को सम्मानित किया गया।

### पीएम मोदी के ट्वीट पर नकवी का विवादित जवाब

भारत की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम को बधाई दी थी। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा था, 'खेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर। यहां भी नतीजा वही- भारत जीता। हमारे क्रिकेटरों को इसके लिए बधाई।' इसके जवाब में नकवी ने ट्वीट कर एक चौंकाने वाला और झूठा बयान दिया। उन्होंने लिखा, 'अगर गर्व का पैमाना युद्ध है, तो इतिहास पहले ही आपकी शर्मनाक हार को पाकिस्तान के हाथों दर्ज कर चुका है। कोई भी क्रिकेट मैच इस सच को नहीं बदल सकता। खेल में युद्ध घसीटना केवल हताशा दिखाता है और खेल की आत्मा का अपमान है।'

## फैंस और दर्शकों की नाराजगी

मैच के दौरान स्टैंड में बैठे दर्शकों और सोशल मीडिया पर भारतीय फैंस ने अपनी नाराजगी जाहिर की। दर्शकों ने तो 'भारत माता की जय' और 'मोदी-मोदी' के नारे तक लगाए। जैसे ही पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा स्टेज की ओर बढ़े, उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा। इससे बौखलाए नकवी मैदान छोड़ भारत की ट्रॉफी के साथ भाग खड़े हुए। दूसरी ओर, पाकिस्तान की टीम मैच खत्म होने के बाद लंबे समय तक ड्रेसिंग रूम में रही, जिससे नकवी काफी देर तक अकेले और असहज स्थिति में दिखे। यह किसी को समझ नहीं आ रहा है कि नकवी पीसीबी का प्रतिधित्व कर रहे हैं या एसीसी का।

### एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में श्रीहरि का शानदार प्रदर्शन

# 200 मीटर फ्रीस्टाइल में जीता रजत



**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन रविवार को शानदार प्रदर्शन किया। श्रीहरि ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता। श्रीहरि ने एक मिनट 48.47 सेकेंड का समय निकाला और वह चीन के 17 वर्ष के शू हेइबो (एक मिनट 46.83 सेकेंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। जापान के हिनाता एंदो को कांस्य पदक मिला।

दो बार ओलंपिक में हिस्सा ले चुके श्रीहरि नटराज ने अहमदाबाद में जारी एशियन एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत का खाता खोला। उन्होंने रविवार को पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर बैकस्ट्रोक तैराकी स्पधाओं में रजत पदक जीते। वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुए मुकाबलों में 24 वर्षीय नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 1:48.47 का समय निकाला और चीन के हाइबो जू (1:46.83) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 25.46 का समय लिया और चीन के ही गुकैलाइ वांग (25.11) के बाद रजत पदक अपने नाम किया। जापान के हिनाता आदो (1:48.73) ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में और चीनी ताइपे के मू लुन चुआंग (25.50) ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में कांस्य पदक जीता।

श्रीहरि नटराज के पास 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भारतीय रिकॉर्ड (1:48.11) है, जिसे उन्होंने 2025 जर्मनी में हुए ऋकरव वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में बनाया था। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके नटराज 100 मीटर बैकस्ट्रोक का भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम रखते हैं।

महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भारत की 15 वर्षीय तैराक धिनिधि देसिंगु, जो पेरिस 2024 में भारत की सबसे कम उम्र की एथलीट रही थीं। उन्होंने 2:02.97 का समय निकालकर पांचवां स्थान हासिल किया और अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक चीन की मिंग्यू लुओ ने 2:01.31 समय के साथ जीता, जबकि वियतनाम की थी माय तिएन वो ने 2:01.95 और हांगकांग चीन की शिनतोंग वांग ने 2:02.30 समय के साथ क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। दिन के अन्य मुकाबले में नटराज ने भारत को पुरुषों की 4.100 मीटर मेडले रिले में कांस्य दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। रिषभ अनुपम दास, लिकिथ एसपी और रोहित बेनेडिक्टन के साथ उन्होंने 3:40.87 का समय निकाला।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने व19 ऑस्ट्रेलिया टीम को हराया, कनिका सिवाच ने दागा विजयी गोल



**नई दिल्ली।** कनिका सिवाच के गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दौरे के तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर 21 टीम को 1-0 से हराया। सिवाच ने 32वें मिनट में विजयी गोल दागा। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर के शुरूआती मिनटों में सिवाच के गोल के दम पर बढत बना ली जो अंत तक कायम रही।

भारत को इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की अंडर 21 टीम ने दो मैचों में हराया, लेकिन इस जीत से भारतीय टीम का आत्मविश्वास लौटा होगा। उसे अब ऑस्ट्रेलिया प्रीमियर हॉकी वन लीग खेलने वाले क्लब कैनबरा चिल से अगले दो मैच खेलने हैं।

# क्रिस वोक्स ने की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। उन्होंने कहा, 'वक्त आ गया है और मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है।' 36 वर्षीय खिलाड़ी को हाल ही में एशेज सीरीज के लिए चुने गए स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया था।

## जब कंधे में चोट के बावजूद खेलने उतरे थे वोक्स..

वोक्स कंधे की चोट से जूझ रहे थे, जो उन्हें भारत के खिलाफ जुलाई में खेले गए पांचवें टेस्ट में लगी थी। इंग्लैंड पुरुष टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा था कि वोक्स 'हमारी भविष्य की योजनाओं में नहीं हैं।' इसी के बाद उन्होंने संन्यास का फैसला लिया। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली प्रतिष्ठित एशेज सीरीज इस साल नवंबर में शुरू होगी। पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज का पहला मैच 21 नवंबर से खेला जाएगा, दूसरा मैच चार दिसंबर से, तीसरा मैच 17 दिसंबर से, चौथा मैच 26 दिसंबर से और पांचवां मुकाबला चार जनवरी से खेला जाएगा।



वोक्स ने अपने करियर में 62 टेस्ट, 122 वनडे और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्हें आखिरी बार इंग्लैंड के लिए भारत के खिलाफ ओवल टेस्ट में खेलते देखा गया था। इस मैच में वह कंधे पर पट्टी बांधकर नंबर 11 पर बल्लेबाजी करने उतरे थे। हालांकि, वह इंग्लैंड को सीरीज जिताने में नाकाम रहे। यह सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई थी।

### काउंटी क्रिकेट खेलते रहेंगे वोक्स

इस दौरान वोक्स ने अपने परिवार और प्रशंसकों का भी आभार जताया। उन्होंने कहा, 'मेरे माता-पिता, पत्नी एमी और बेटियां लैला और ईवी...आपका प्यार और समर्थन इस सफर की सबसे बड़ी ताकत रहा। इंग्लैंड के फैंस, खासकर 'बार्मी आर्मी' का जुनून और विश्वास हमेशा याद रहेगा। कोचों, साथियों और पर्दे के पीछे काम करने वालों का मार्गदर्शन और दोस्ती मेरे लिए अनमोल रही है।'वोक्स ने साफ किया कि वह काउंटी क्रिकेट और फ्रेंचाइजी लीग्स में खेलना जारी रखेंगे।

## सोशल मीडिया पर लिखा भावुक संदेश

वोक्स ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए भावुक संदेश लिखा। उन्होंने कहा, 'यह पल आ गया है और मैंने तय किया है कि मेरे लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का समय सही है। बचपन से ही इंग्लैंड के लिए खेलने का सपना देखा था और खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि वह सपना पूरा कर पाया। इंग्लैंड की जर्सी पहनना, टीम के साथियों के साथ मैदान साझा करना और पिछले 15 वर्षों में बने रिश्ते, मेरी ज़िंदगी की सबसे बड़ी उपलब्धि हैं।' उन्होंने आगे कहा, '2011 में ऑस्ट्रेलिया में डेब्यू करना मानो कल की ही बात लगती है। दो वर्ल्ड कप जीतना और यादगार एशेज सीरीज का हिस्सा बनना कभी सोचा भी नहीं था। ये यादें और जश्न मेरे दिल में हमेशा रहेंगे।'

क्रिस वोक्स के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के फैसले पर भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति! आपको मैदान पर कदम रखने वाले सबसे बहादुर लोगों में से एक के रूप में याद किया जाएगा क्रिस!'

# गुस्सा हो रहे हो आप... सूर्या ने पाकिस्तानी रिपोर्टर को हंसी-हंसी में कर दिया खामोश

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की, लेकिन मुकाबले से ज्यादा चर्चा सुर्यकुमार यादव और पाकिस्तान के रिपोर्टर के बीच हुई नोक-झोंक की रही। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब रिपोर्टर ने कप्तान से उनके व्यवहार और राजनीति को लेकर सवाल किए तो सुर्यकुमार ने मजाकिया जवाब से माहौल पलट दिया। भारतीय कप्तान की यह प्रतिक्रिया न सिर्फ सामने बैठे पत्रकारों को हंसा गई, बल्कि वायरल हो गई।

सब कुछ तब शुरू हुआ जब सुर्यकुमार यादव और भारतीय टीम ने पहले मुकाबले के बाद पाकिस्तान खिलाड़ियों के साथ हैंडशेक करने से इनकार किया। इस रवैये ने टूनामेंट में दोनों टीमों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा और तनाव को उजागर किया।

# आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025: भारत की नजरें होंगी पहली खिताबी जीत पर

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 में इतिहास रचने के लिए तैयार है। यह टूनामेंट 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी, जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना के कंधों पर होगी। भारत अपने अभियान की शुरूआत उद्घाटन दिवस पर गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले से करेगा।

महिला वनडे विश्व कप 2025 का यह 13वां संस्करण है, जिसमें कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। भारत में सभी मैचों का सीधा प्रसारण और लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध होगी।



क्रिकेट विश्व कप से पहले भारत ने इंग्लैंड को द्विपक्षीय सीरीज में 2-1 से हराया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतने ही अंतर से हार झेलनी पड़ी। वार्म-अप मुकाबलों में भी टीम का मिला-जुला प्रदर्शन देखने को मिला। जहां इंग्लैंड से हार के बाद भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर आत्मविश्वास बढ़ाया।

इस टूनामेंट में सभी आठ टीमें एक-दूसरे से एक-एक बार भिड़ेंगी। भारत और पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मैच 5 अक्टूबर को खेला जाएगा। लीग स्टेज के बाद शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। पहले स्थान की टीम चौथे से और दूसरे स्थान की टीम तीसरे से भिड़ेगी।

यदि पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाता है, तो उसका मैच 29 अक्टूबर को कोलंबो में खेला जाएगा। वहीं, यदि पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं पहुंचता तो गुवाहाटी पहला सेमीफाइनल आयोजित करेगा।

रिकॉर्ड की बात करें तो मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सात बार खिताब जीत चुकी है और सबसे सफल टीम है। इंग्लैंड ने पांच बार और न्यूजीलैंड ने एक बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है।

# राजनगर एक्सटेंशन की अजनारा इंटीग्रिटी सोसाइटी में रोकी गई संघ की शाखा, सिक्यूरिटी सुपरवाइजर को किया एक सप्ताह के लिए सस्पेंड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा इंटीग्रिटी सोसाइटी में सिक्यूरिटी सुपरवाइजर ने आरएसएस की शाखा नहीं लगने दी। शाखा लगाने से रोकने पर जबर्दस्त हंगामा हुआ। सोसाइटी में हर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा लगती है। बीते कल रविवार को भी शाखा लगाने के लिए आरएसएस के कार्यकर्ता पहुंचे तो सिक्यूरिटी सुपरवाइजर ने उन्हें रोक दिया। घटना का वीडियो सोसायटी से होता हुआ आरएसएस और भाजपा पदाधिकारियों तक वायरल हो गया। देखते ही देखते मामले ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) ने सिक्योरिटी सुपरवाइजर को एक हफ्ते के लिए सस्पेंड कर दिया। इस दौरान उसका एक हफ्ते का वेतन काटने की भी सजा सुनाई गई है।



आरएसएस के सदस्यों का कहना है कि राजनगर एक्सटेंशन की अजनारा इंटीग्रिटी सोसाइटी में वर्षों से आरएसएस की शाखा लगती आ रही है। रविवार को भी आरएसएस स्वयंसेवक शाखा लगाने पहुंचे थे। उसी दौरान सोसायटी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर हर्ष चौधरी ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। उसका कहना था कि एओए की ओर से इस तरह की किसी भी गतिविधि को सोसायटी के पार्क में होने से रोकने के निर्देश हैं। स्वयंसेवकों ने इसका विरोध किया लेकिन सुपरवाइजर नहीं माने। इसके बाद स्वयंसेवक वहां से चले गए। पूरी घटना का वीडियो सामने आने के बाद एओए ने सुपरवाइजर के खिलाफ एक्शन लिया। एओए के अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि गलतफहमी के कारण घटना घट गई।

सोसायटी के पार्क में कमर्शियल योगा क्लासेस चलाने पर रोक लगाई गई थी ना कि आरएसएस की शाखा पर। गौरव कुमार ने बताया कि सिक्योरिटी सुपरवाइजर हर्ष चौधरी को एक हफ्ते के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही उसकी इस दौरान की सैलरी भी काटी जाएगी।

# अमृतसर की गलियों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभिषेक ने छोड़ी छाप



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एशिया कप में भारतीय टीम के लिए दमदार प्रदर्शन किया। अभिषेक ने लगातार तीन अर्धशतक लगाकर टीम इंडिया को फाइनल में पहुंचने में मदद की। अभिषेक अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जाना पहचाना नाम बन गए हैं, लेकिन उनके लिए इस स्तर पर पहुंचना आसान नहीं रहा।

## टीम को दिला रहे मजबूत शुरूआत

अभिषेक का बल्ला एशिया कप में काफी चमक रहा है और वह अब तक पांच मैचों में 248 रन बना चुके हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। अभिषेक ने शुभमन गिल के साथ मिलकर भारत को तेज शुरूआत दिलाई है और वह लगातार टीम के लिए अच्छी पारी खेल रहे हैं। अभिषेक ने मौजूदा टूनामेंट में यूएई के खिलाफ 30, पाकिस्तान के खिलाफ 31, ओमान के खिलाफ 38, पाकिस्तान के खिलाफ 74 और बांग्लादेश के खिलाफ 75 रनों की पारी खेली है। अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर ही अभिषेक टी20 रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं।

## आईपीएल से कमाया नाम

27 मार्च 2024 की शाम थी। रोशनी से जगमगाते हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में जब सनराइजर्स ने मुंबई इंडियंस का सामना किया, तो दर्शकों की नजरें पहले ट्रेविस हेड पर टिकी थीं। हेड ने महज 18 गेंदों पर अर्धशतक लगाया, लेकिन असली आतिशबाजी तब हुई जब पंजाब के अमृतसर से आए बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा मैदान पर उतरे। सिर्फ 23 गेंदों में सात छक्के और तीन चौकों से मुंबई के दिग्गज गेंदबाजों को चारों खाने चित्त कर दिया। उनकी इस धुआंधार पारी ने न सिर्फ मैच का रुख बदल दिया बल्कि उन्हें देशभर की सुर्खियों में ला खड़ा किया। बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज और उपयोगी स्पिनर के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले अभिषेक का करियर अब तक शानदार उपलब्धियों से भरा रहा है। हालांकि, भारतीय टीम तक का सफर इतना आसान नहीं रहा है। उन्हें कई चुनौतियों और संघर्षों का सामना करना पड़ा है।

### अमृतसर की गलियों से क्रिकेट की ओर सफर

अभिषेक शर्मा का जन्म चार सितंबर 2000 को पंजाब के अमृतसर में हुआ। वे तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। उनके पिता राजकुमार शर्मा खुद पंजाब के लिए लेफ्ट-आर्म स्पिनर रह चुके हैं। 1985-86 में अंडर-22 विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल तक उन्होंने टीम का हिस्सा रहते हुए क्रिकेट खेला। मगर परिस्थितियों ने उनका करियर रोक दिया। दुबई जाकर भी सफलता नहीं मिली तो वे लौटकर बैंक ऑफ इंडिया के लिए खेले और बाद में अमृतसर गेम्स एसोसिएशन के कोच और सेलेक्टर बने। पिता का अधूरा सपना बेटे में पूरा करने का निश्चय उन्होंने किया और यही जुनून अभिषेक की नसों में दौड़ा। महज तीन साल की उम्र में जब बच्चों के खिलौने हाथ में होते हैं, तब अभिषेक प्लास्टिक के बल्ले से शॉट खेलने लगे।

## पिता की सीख और बचपन की मेहनत

अभिषेक ने डीपीएस अमृतसर से पढ़ाई की और फिर डीएवी कॉलेज से ग्रेजुएशन। पढ़ाई में अच्छे थे, लेकिन दिल क्रिकेट पर टिका रहा। पिता राजकुमार रोजाना उन्हें प्रैक्टिस के लिए ले जाते। यही मेहनत रंग लाई जब उनका चयन पंजाब अंडर-14 टीम में हुआ। श्रीनगर में हुए अंडर-14 मुकाबले के दौरान महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी ने उनकी गेंदबाजी देखी और तारीफ की। बेदी ने कहा कि अभिषेक एक बेहतरीन ऑलराउंडर बन सकते हैं।

## रणजी डेब्यू और ऑलराउंड प्रदर्शन

सिर्फ 16 साल की उम्र में अभिषेक ने रणजी ट्रॉफी में कदम रखा। हिमाचल प्रदेश के खिलाफ उन्होंने पहली ही पारी में 94 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। हरभजन सिंह ने उन्हें कैप पहनाई और डेब्यू यादगार बना दिया। उस मैच से साफ हो गया था कि यह लड़का आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट का बड़ा नाम बन सकता है।

## आईपीएल में धमाकेदार शुरूआत

2016 में अभिषेक को भारतीय अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया। उनकी कप्तानी में टीम ने इमर्जिंग एशिया कप जीता। हालांकि 2018 अंडर-19 वर्ल्ड कप से पहले कप्तानी पृथ्वी शॉ को मिल गई, लेकिन अभिषेक ने बतौर खिलाड़ी टीम में अहम योगदान दिया। बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने शानदार अर्धशतक जड़ा और गेंदबाजी में भी विकेट निकाले। 2015-16 में विजय मर्चेंट ट्रॉफी में 1200 रन और 57 विकेट लेकर वे पहले क्रिकेटर बने जिन्होंने दो 'राज सिंह डूंगरपुर अवॉर्ड' जीते।

# भारतीय क्रिकेट टीम का चयनकर्ता बनने पर पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह को आईटीएस प्रबंधन ने दी बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेन ने पूर्व क्रिकेटर रुद्रप्रताप सिंह को भारतीय क्रिकेट टीम का चयनकर्ता नियुक्त होने पर बधाई दी है। कॉलेज प्रबंधन की ओर से आरपी सिंह को इस उपलब्धि पर बधाई दी गई है। आईटीएस कॉलेज के चेयरमैन आर पी चडढा ने कहा कि बीसीसीआई ने पूर्व क्रिकेटर आर. पी. सिंह को भारतीय क्रिकेट टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। आरपी सिंह आईटीएस संस्थान में पूर्व में आयोजित इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता क्विज व्हिज-2017 के अवसर पर पधारे थे और अपने अनुभव व विचारों से उन्होंने हमारे विद्यार्थियों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया था। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट में एक तेज गेंदबाज के रूप में उनका शानदार योगदान रहा है और अब चयनकर्ता के रूप में उनकी नई भूमिका, हमारे विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। आर पी सिंह का व्यक्तित्व और उनकी उपलब्धि नई युवा पीढ़ी एवं खेल जगत के लिए एक मिशाल है। उनके नेतृत्व में खेल जगत के लिए और नए गौरवशाली कीर्तिमान स्थापित हो। वाइस चेयरमैन अर्पित चडढा ने बधाई देते हुए कहा कि आरपी सिंह के चयनकर्ता बनने से भारतीय क्रिकेट का भविष्य और भी उज्जवल होगा।